CMYK




शिव आराधना का महापर्व कल्याणकारी महाशिवरात्री

Website:- www.Janmarg.com

TITLE CODE:- T/RJ/2024/211

e-mail :morningjanmarg@gmail.com

निष्पक्ष एवं निर्भीक दैनिक

# जनमार्ग

लोकतंत्र व निष्पक्षता का मार्ग प्रातःकालीन समाचार पत्र

श्रीगंगानगर, मंगलवार, 25.02.2025 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 2 रुपये ● वर्ष : 1 ● अंक : 299 ● मो. 93526-86083, 77421-86692, 0154-2970692

## घर-जमीन की बकाया लीज जमा करवाने पर ब्याज माफ



● रुपए एकमुश्त जमा करवाने पर मिलेगा फायदा ● नगरीय विकास विभाग ने जारी किए आदेश

**जनमार्ग न्यूज**

**जयपुर।** राजस्थान में नगरीय निकायों (यूआईटी, विकास प्राधिकरण, नगर निगम, नगर पालिका, नगर परिषद) और हाउसिंग बोर्ड से आवंटित आवासों, भूखंडों की बकाया लीज राशि एकमुश्त जमा करवाने पर सरकार ने ब्याज में छूट देने के आदेश जारी किए हैं। नगरीय विकास विभाग से जारी आदेशों के मुताबिक जिन मकानों, भूखंडों की लीज राशि बकाया है। उस मकान, भूखंड का मालिक बकाया लीज राशि एकमुश्त जमा करवाना चाहता है। उसे ब्याज में 100 फीसदी की छूट मिलेगी। मकान की 31 मार्च 2024 तक की बकाया लीज राशि जमा करवाने पर ये छूट दी जाएगी। छूट का लाभ 30 सितंबर तक राशि जमा करवाने पर ही मिलेगा। हालांकि ये छूट केवल आवासीय भूखंड और आवास पर ही मिलेगी, जबकि कॉमर्शियल उपयोग और संस्थानिक जमीनों पर ये छूट नहीं मिलेगी।

# विधानसभा की कार्यवाही का बायकॉट, निलंबित विधायकों को किया बहाल

» सदन में जाने की जिद पर अड़े, धरना खत्म » सुरक्षाकर्मियों से भिड़े निलंबित विधायक

**जनमार्ग न्यूज**

**जयपुर।** विधानसभा में 4 दिनों से चल रहा कांग्रेस विधायकों का धरना सोमवार को खत्म हो गया। इंदिरा गांधी पर की गई टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस विधायकों ने बायकॉट की घोषणा की और सदन से बाहर निकल आए। कांग्रेस विधायक बायकॉट करके बाहर निकले तो निलंबित विधायक भी बाहर आए। कुछ देर बाद निलंबित विधायक हाकम अली, जाकिर हुसैन गैसावत, संजय जाटव दोबारा विधानसभा के अंदर जाना चाह रहे थे तो सुरक्षा कर्मियों ने नियमों का हवाला देकर उनको अंदर जाने से रोक दिया। इस दौरान उनकी सुरक्षाकर्मियों से तीखी नोंक-झोंक हुई। इससे पहले सदन में बजट पर बहस के दौरान मार्शलों की घेराबंदी में कार्यवाही चली, जबकि कांग्रेस विधायक वैल में नारेबाजी करते रहे। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम



पटेल ने एक सदस्य पर सदन को हाईजैक करने का आरोप लगाया, जिसके बाद नेता प्रतिपक्ष जूली ने बायकॉट की घोषणा की। सोमवार को स्पीकर वासुदेव देवनानी ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा समेत 6 विधायकों को सदन से बाहर जाने को कहा। हंगामे के चलते कई बार कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। सोमवार को सकारात्मक बातचीत के बाद सरकार और विपक्ष के बीच गतिरोध टूट गया था। विधानसभा से निलंबित किए गए 6 कांग्रेस विधायकों को बहाल करने पर सहमति बन गई थी। पहले माफी मांगने को लेकर पेंच फंस गया। गोविंद सिंह डोटासरा ने पूरे घटनाक्रम तो पर तो खेद जाता दिया, लेकिन खुद ने इस घटनाक्रम के लिए माफी नहीं मांगी। स्पीकर ने डोटासरा से कहा- आप मेरी टेबल तक आने के घटनाक्रम पर खेद तो जताएं। इस पर डोटासरा ने पहले मंत्री से माफी मंगवाने की बात कही और पेंच फंस गया। ऐसे में विधानसभा से निलंबित किए गए 6 कांग्रेस विधायकों की बहाली अटक गई है। विधानसभा में 21

## पूर्व मंत्री रामलाल जाट के खिलाफ सीबीआई जांच पर रोक

**जनमार्ग न्यूज**

**जयपुर।** पूर्व मंत्री रामलाल जाट, एडीजी आनंद श्रीवास्तव के भाई अरविंद श्रीवास्तव और अन्य आरोपियों के खिलाफ सीबीआई जांच पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी हैं। हाई कोर्ट ने इन सभी के खिलाफ सीबीआई जांच के आदेश दिए थे। जिसके खिलाफ राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट गई थी। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि हाईकोर्ट द्वारा सीबीआई जांच का आदेश देना अनुचित था। राज्य पुलिस पूरी तरह सक्षम है और मामले की निष्पक्ष जांच कर रही है। राज्य सरकार ने इस बात पर जोर दिया कि सीबीआई जांच केवल असाधारण परिस्थितियो में ही होनी चाहिए और इसे राज्य पुलिस जांच का नियमित विकल्प नहीं बनाया जा सकता हैं।

## प्रधानमंत्री किसान योजना की 19वीं किस्त जारी

● 9.8 करोड़ किसानों के खातों में 22 हजार करोड़ ट्रांसफर ● तीन किश्तों में मिलते हैं छह हजार

**जनमार्ग न्यूज**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 फरवरी को पीएम-किसान योजना की 19वीं किस्त जारी की। बिहार के भागलपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में यह किश्त जारी की गई। इसके तहत 9.8 करोड़ किसानों के बैंक खातों में 22,000 करोड़ रुपए की राशि ट्रांसफर हुई। इससे पहले 18वीं किस्त में 9.6 करोड़ किसानों के खातों में 20 हजार करोड़ रुपए ट्रांसफर किए गए थे। सरकार ने पीएम-किसान के तहत अब तक कुल 3.68 लाख करोड़ रुपए किसानों में खातों में ट्रांसफर किए हैं। इस योजना के तहत किसानों के खाते में हर साल तीन किश्तों में 2-2 हजार रुपए ट्रांसफर किए जाते हैं। पहली किस्त अप्रैल-जुलाई के बीच, दूसरी किस्त अगस्त-नवंबर और तीसरी किस्त दिसंबर-मार्च के बीच जारी की जाती है। अगर आपको इस योजना के रजिस्ट्रेशन में कोई परेशानी आ रही है, या आपकी किस्त से जुड़ी कोई समस्या है, या कोई और अन्य सवाल है तो इसके लिए आपको पीएम किसान सम्मान निधि योजना की आधिकारिक



वेबसाइट पर फार्मर कॉर्नर में हेल्प डेस्क पर जाना होगा। योजना के पात्र लाभार्थी कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के जरिए भी अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। इसके अलावा स्थानीय पटवारी, राजस्व अधिकारी और योजना के लिए राज्य सरकार की ओर से नामित नोडल अधिकारी ही किसानों का रजिस्ट्रेशन कर रहे हैं। शुरुआत में जब पीएम किसान योजना शुरू की गई थी (फरवरी, 2019), इसका लाभ केवल छोटे और सीमांत किसानों के परिवारों के लिए था। इसमें वो किसान शामिल थे जिनके पास 2 हेक्टेयर तक की कम्बाइन्ड लैंड होल्डिंग (संयुक्त भूमि) थी। जून 2019 में स्कीम को रिवाइज किया गया और इसका दायरा बढ़ाया गया।

## ट्रैफिक जाम में फंसे तीन साल के बच्चे की मौत

**जनमार्ग न्यूज**

**कोटा।** कोटा में ट्रैफिक जाम में फंसे एक तीन साल के बच्चे की बिमारी के चलते मौत हो गई। बच्चे के माता-पिता उसे अस्पताल में उपचार के लिए लेकर जा रहे थे। जानकारी में सामने आया है कि नेशनल हाइवे-52 पर रामगंजमंडी-कोटा मार्ग के दरा नाला के सिंगल लेन पर जाम लगा था। वहीं, रास्ता बहाल कराने को लेकर बच्चे के माता-पिता पुलिस के सामने गिड़गिड़ाते रहे। लेकिन करीब तीन घंटे तक जाम में फंसे होने के कारण बच्चे की मौत हो गई। रामगंजमंडी चेचट भटवाड़ा निवासी पप्पूलाल ने बताया कि तीन साल के बेटे हरिओम को सर्दी, जुकाम और बुखार की शिकायत थी, जिसे पहले चेचट के अस्पताल ले जाया गया। जहां उसे कोटा के लिए रेफर कर दिया गया। परिवार के लोग बच्चे को निजी वाहन से कोटा ला रहे थे।

# सेना के बंकर में मिला घर से गायब युवक का शव

● परिजनों ने दर्ज कराया हत्या का केस

**जनमार्ग न्यूज**



**अनूपगढ़।** घडसाना मंडी के गांव तीन जीएम जनतावाली में सेना के बंकर में एक युवक का शव मिला है। मृतक की पहचान प्रवीण कुमार (22) के रूप में हुई है। घटना का पता तब चला जब एक बकरी चराने वाले व्यक्ति की नजर बंकर में पड़े शव पर पड़ी। उसने तुरंत ग्रामीणों को सूचित किया। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। एडिशनल एसपी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि आज कुछ ग्रामीणों से सूचना मिली थी की सेना के बंकर में एक शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। उन्होंने बताया-21 फरवरी को घडसाना पुलिस थाने में एक युवक की गुमशुदगी दर्ज करवाई गई थी। बंकर में शव मिलने का बाद जब गुमशुदगी दर्ज करवाने वाले परिवार को मौके बुलाया गया तो उन्होंने शव की पुष्टि गुम हुए प्रवीण के रूप में की। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मौके पर एफएसएल और एमओबी की टीम बुलाई है, इनकी जांच होने के बाद शव का घडसाना के सरकारी अस्पताल में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा। वहीं पुलिस के द्वारा मामले में अनुसंधान किया जा रहा है। मृतक प्रवीण के भाई विकास कुमार पुत्र मोहन लाल निवासी 19 जीडी घडसाना ने मामला दर्ज करवाया है कि उसका भाई प्रवीण घडसाना के गणेश टेंट हाउस पर टेंट लगाने का काम करता था।

## जेडीए की आवासीय योजना की लॉटरी में हंगामा

**जनमार्ग न्यूज**

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) की आवासीय योजना पटेल नगर की आवंटन लॉटरी में आज आवेदकों ने हंगामा कर दिया। लॉटरी में गड़बड़ी की आशंका मानते हुए आवेदकों ने आवंटन लॉटरी से पहले डमी लॉटरी निकालने की मांग की। जेडीए सचिव समेत अन्य अधिकारियों ने समझाइश और डमी लॉटरी आवंटन लॉटरी के बाद निकलाने का आश्वासन दिया। इसके बाद आवेदक शांत हुए और लॉटरी प्रक्रिया की गई। दरअसल लॉटरी में आए कुछ लोगों ने लॉटरी शुरू होने से पहले ही विरोध कर दिया। उन्होंने लॉटरी से पहले डमी प्रक्रिया अपनाने की मांग की। उनका आरोप था कि लॉटरी में गड़बड़ी होती है। इससे अपने चहेतों को फायदा देते हुए भूखंड आवंटित कर दिए जाते है।

# पैलेस में आगजनी करने का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

● वारदात में शामिल कर और बदमाशों की हुई पहचान ● रुपयों के लेनदेन का निकला विवाद

**जनमार्ग न्यूज**

**श्रीगंगानगर।** सदर थाना अंतर्गत सूरतगढ़-पदमपुर बाईपास पर स्थित सॉलिटेयर रिजॉर्ट्स में 5-6 फरवरी की रात को पेट्रोल डालकर आग लगाने की घटना की मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। सदर थाना प्रभारी सीआई सुभाषचंद्र बिश्नोई ने बताया कि दिल्ली में कल्याणपुरी थाना क्षेत्र निवासी मनोज ब्राह्मण (32) को गिरफ्तार किया गया है। उसके साथ वारदात में शामिल चार अन्य आरोपियों की पहचान भी कर ली गई है।उनकी धर पकड़ के प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मनोज ब्राह्मण का उक्त मैरिज पैलेस के ठेकेदार मनीष अरोड़ा निवासी श्रीनाथ विला के साथ रूपयों के लेनदेन का विवाद था। विवाद को सुलझाने के लिए घटना से कई दिन पहले दोनों पक्षों की पंचायत



भी हुई थी। याद रहे कि मनीष अरोड़ा ने सदर थाना में रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए बताया कि 5 फरवरी की रात को काले रंग की गाड़ी में आए तीन-चार व्यक्तियों ने पैलेस के बाहरी दीवार पर पेट्रोल छिड़का और आग लगा दी। घटना के समय एक व्यक्ति काले रंग की गाड़ी में ही था जबकि तीन व्यक्ति गाड़ी में से कैनियां लेकर उतरे थे। यह व्यक्ति जैसे-जैसे पैलेस की दीवार पर पेट्रोल छोड़कर आग लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे, गाड़ी में सवार व्यक्ति उनके पीछे-पीछे गाड़ी चला कर जा रहा था। घटना के अगले दिन उसे फोन पर 20 लाख रुपए देने की मांग की गई। रुपए नहीं देने पर उसे जान से मारने की धमकी दी गई। फोन करने वाले ने कहा कि अभी उसे ट्रेलर दिखाया है फिल्म पूरी बाकी है। थाना प्रभारी ने बताया कि इस वारदात को सुलझाने के लिए एक पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम में शामिल महिला कांस्टेबल श्रीमती नवनीत कौर ने उसे ऐप के जरिए मुख्य आरोपी मनोज ब्राह्मण का पता लगाया जिस ऐप से कॉल कर मनीष अरोड़ा को 20 लाख रुपए नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गई थी।

# दस्तावेज हमारे इतिहास, संस्कृति और परम्पराओं के जीवंत प्रमाण : राज्यपाल

● राज्यपाल हरिभाऊ बांगड़े ने अभिलेखागार संग्रहालय का किया अवलोकन

**जनमार्ग न्यूज**

**बीकानेर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि राजस्थान राज्य अभिलेखागार के अभिलेखागार संग्रहालय में संरक्षित दस्तावेज हमारे इतिहास, संस्कृति और परम्पराओं के जीवंत प्रमाण हैं। यह हमें हमारे स्वर्णिम इतिहास से साक्षात करवाते हैं। राज्यपाल ने सोमवार को बीकानेर अभिलेखागार के संग्रहालय के अवलोकन के दौरान यह उद्गार व्यक्त किए। राज्यपाल ने यहां संरक्षित पुरंदर की संधि का अवलोकन किया और कहा कि पुरंदर की संधि के माध्यम से शिवाजी महाराज और राजपूताना के संबंधों की जानकारी मिलती है। उन्होंने महाराणा प्रताप दीर्घा, स्वतंत्रता सेनानी गैलेरी के अलावा ऐतिहासिक दस्तावेजों तथा महत्वपूर्ण अभिलेखों का अवलोकन किया। राज्यपाल ने संग्रहालय में राजस्थान के ऐतिहासिक, प्रशासनिक और सांस्कृतिक विकास से जुड़े विभिन्न अभिलेखीय दस्तावेजों का अवलोकन किया। शाही फरमान, महाराणा प्रताप कालीन




ताम्रपत्र देखकर इनके संरक्षण कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह सभी दस्तावेज आने वाली पीढ़ियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इससे युवाओं में इतिहास और संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। राज्यपाल ने कहा कि शोध के दृष्टिकोण से भी यह दस्तावेत महतवपूर्ण है। इने डिजिटाइजेशन से इनकी पहुंच बढ़ेगी तथा संरक्षण भी होगा। उन्होंने संरक्षण कार्य के लिए अन्य देशों और प्रदेशों के अभिलेखागार संस्थानों से समन्वय करने की बात कही। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को अभिलेखागार के अवलोकन के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। अभिलेखागार निदेशक डॉ. नितिन गोयल ने अभिलेखागार की समस्त गतिविधियों के बारे में बताया। इस दौरान संभागीय आयुक्त डॉ. रविकुमार सुरपुर, जिला कलक्टर श्रीमती नम्रता वृष्णि, पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सागर सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।

## दूल्हे का साफा खरीदने जा रहे भाइयों की कार पलटी, दो की मौत

**बाड़मेर (जनमार्ग न्यूज)।** तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर पलट गई। हादसे में 2 युवकों की मौत हो गई जबकि 2 गंभीर घायल हो गए। चारों युवक दूल्हे और बारातियों के लिए साफा-पगड़ी लेने बाजार जा रहे थे। हादसा चौहटन थाना इलाके में अमरावास गांव के पास सोमवार शाम करीब 4.30 बजे हुआ। घायलों को चौहटन से बाड़मेर रेफर किया गया, जहां हॉस्पिटल में उनका इलाज जारी है। थानाधिकारी राजूराम ने बताया कि आलमसर निवासी नितेश की शादी मंगलवार को है।

## प्रदेश में सीएम का चयन राखी सांवत को दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड देने जैसा

● पूर्व विधायक संयम लोढ़ा का विवादित बयान

**जनमार्ग न्यूज**



**जयपुर।** राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत द्वारा इंदिरा गांधी को लेकर की गई टिप्पणी और 6 कांग्रेस विधायकों के निलंबन को लेकर कांग्रेस ने सोमवार को विधानसभा घेराव की घोषणा की थी। पार्टी विधानसभा के बाहर भी पूरे राजस्थान में जगह-जगह प्रदर्शन कर रही है। जयपुर में प्रदेश कांग्रेस के कई बड़े बीडी कल्ला, भंवर सिंह भाटी और प्रताप सिंह खाचरियावास, संयम लोढ़ा जैसे नेता शामिल हुए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को विधानसभा कूच करने पर उन्हें रोकने के लिए वाटर कैनन का उपयोग किया गया है। प्रशासन की ओर से कांग्रेस कार्यकर्ताओं को विधानसभा के बाहर रोकने के प्रयास किए गए। इस दौरान सुरक्षाकर्मियों और कार्यकर्ताओं के बीच धक्कामुक्की भी हुई। कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदर्शन करते हुए विधानसभा की ओर कूच करने की कोशिश की। लेकिन पुलिस ने वाटर कैनन का उपयोग करते हुए प्रदर्शकारियों को रास्ते में ही रोक लिया। वहीं, धरने में शामिल पूर्व विधायक संयम लोढ़ा ने सीएम भजनलाल शर्मा को लेकर विवादित बयान दिया है।

अपने आसपास की ताजा घटनाओं एवं दुर्घटनाओं की जानकारी व फोटो मो. 94140-87692, 77421-86692, 93526-86083 पर देवें। E-mail: Morningjanmarg@gmail.com

# सम्पादकीय

## मानसरोवर यात्रा

मानसरोवर यात्रा भारतीयों की आस्था से जुड़ी है, लेकिन सीमा विवाद के कारण चीन उसमें अड़चन पैदा करता रहा है। अब उम्मीद बनी है कि आने वाली गर्मियों में यह यात्रा फिर से शुरू हो सकेगी। भारत-चीन के बीच सीमा विवाद और अन्य मुद्दों पर वार्ता में जिन बिंदुओं पर सहमति बनने के दावे किए जाते हैं, उनमें से कई धरातल पर नहीं दिखते। संबंधों में कभी नरमी तो कभी गरमी बनी रहने बावजूद यह अच्छी बात है कि दोनों पक्ष बातचीत की मेज पर बैठते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच रूस के कजान में मुलाकात के बाद दोनों देशों में विभिन्न स्तर पर कूटनीतिक और सैन्य वार्ता जारी है। लद्दाख में सीमा विवाद को लेकर वार्ता का दौर लंबा चला है। वहां कुछ गश्ती इलाकों को लेकर समाधान निकाला जाना अभी भी बाकी है। बहरहाल, यह अच्छी बात है कि दोनों देशों में बातचीत का क्रम हाल के दिनों में कभी टूटा नहीं है। इसी कड़ी में जी-20 सम्मेलन में जब दोनों देशों के विदेशमंत्री अलग से मिले, तो उन्होंने मानसरोवर यात्रा बहाल करने और सीमा विवादों को लेकर उत्साहजनक बातचीत की। हालांकि मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू करने को लेकर दोनों देशों के विदेश मंत्रालय के स्तर पर पिछले महीने ही फैसला हो गया था, मगर विदेश मंत्रियों की ताजा बैठक से उसका आधार और मजबूत हुआ है। अब दोनों देशों के संबंधित महकमे इसके विभिन्न पक्षों की तैयारी कर सकेंगे। तल्ख रिश्तों की वजह से करीब पांच वर्ष से कैलास मानसरोवर यात्रा रुकी हुई थी। उम्मीद है कि यह यात्रा शुरू होने से दोनों देशों के संबंधों में जमी बर्फ कुछ और पिघलेगी। गलवान घाटी में हुए सैन्य संघर्ष के बाद दोनों देशों के रिश्ते तनावपूर्ण हो गए थे। इसके बाद अक्तूबर में रूस के कजान में ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग की मुलाकात में बर्फ पिघली। जब दोनों नेता मिले, तो उन्होंने जल्दी ही सीमा विवाद सुलझा लेने की योजना पर बात की। इस तरह लंबे समय से चला आ रहा गतिरोध कुछ हद तक दूर हो सका और संवेदनशील मसलों पर बातचीत का सिलसिला शुरू हो सका। मानसरोवर यात्रा भारतीयों की आस्था से जुड़ी है, लेकिन सीमा विवाद के कारण चीन उसमें अड़चन पैदा करता रहा है।

# यूएसएड की गहन षड्यंत्रकारी जड़ें

दूसरी बार सत्तारूढ़ होने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने जिन आक्रामक नीतियों को त्वरित गति से क्रियान्वित किया है, उनमें भारत समेत दुनिया के अनेक देशों को मिलती रही यूएसएड को रोकना भी शामिल है। उन्होंने अमेरिकी नव विदेशी नीति की समीक्षा होने तक दुनिया के भिन्न-भिन्न देशों को मिलने वाली अमेरिकी वित्त सहायता पर रोक लगा दी है। गत 7 फरवरी को पूरे विश्व में एजेंसी के सभी मानवीय कार्य रोक दिये गये थे। इस संबंध में मस्क के आधिकारिक वक्तव्य से पहले ही एजेंसी की वित्त सहायता से संबंधी वेबसाइट बंद कर दी गई थी। ट्रंप ने स्पष्ट किया कि भारतीय चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले शासन को पराजित करने के मंतव्य से वहां के विपक्षियों को यूएसएड का अनुचित वितरण किया गया।

यूएसएड अर्थात अमेरिकी वित्तीय सहायता विषय देशी-विदेशी राजनीति के केंद्र में है। दूसरी बार सत्तारूढ़ होने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने जिन आक्रामक नीतियों को त्वरित गति से क्रियान्वित किया है, उनमें भारत समेत दुनिया के अनेक देशों को मिलती रही यूएसएड को रोकना भी शामिल है। उन्होंने अमेरिकी नव विदेशी नीति की समीक्षा होने तक दुनिया के भिन्न-भिन्न देशों को मिलने वाली अमेरिकी वित्त सहायता पर रोक लगा दी है। यूएसएड के अधिकारियों के अनुसार गत 7 फरवरी को पूरे विश्व में एजेंसी के सभी मानवीय कार्य रोक दिये गये थे। इस संबंध में मस्क के आधिकारिक वक्तव्य से पहले ही एजेंसी की वित्त सहायता से संबंधी वेबसाइट बंद कर दी गई थी। राजनीतिक प्रतिस्पर्द्धा की दुर्भावनावश डेमोक्रेट्स समर्थक न्यायालय द्वारा ट्रंप का वह आदेश रोक दिया गया था जिसमें शासकीय कार्यकुशलता विभाग (डीओजीई) के कर्मचारियों को अवकाश पर भेजा जा रहा था। व्यवसायी एलन मस्क विद्यमान अमेरिकी शासन के जिस डीओजीई के प्रमुख चुने गये हैं, उसी के अनुसंधान पर यूएसएड के संबंध में तरह-तरह की शंकायें प्रकट हुई हैं। बाइडेन के कार्यकाल में ऐसी सहायता की आड़ में अमेरिका ने अलग-अलग देशों में अपने प्रतिकूल संचालित हो रहे शासन और शासकों को अपदस्थ करने में अरबों रुपये का अपव्यय किया। ट्रंप ने स्पष्ट किया कि भारतीय चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले शासन को पराजित करने के मंतव्य से वहां के विपक्षियों को यूएसएड का अनुचित वितरण किया गया।

इसके बाद बाइडेन शासन पर संदेह उभरता है कि क्या 2.1 करोड़ डॉलर की एड भारत में इसी षड्यंत्र पूर्ति के लिए दी गई। इस संदेहास्पद वातावरण में ट्रंप से लेकर भारतीय सत्ताधारी दल भाजपा के नेताओं द्वारा प्रश्न पूछे जाने लगे हैं कि क्या बाइडेन यह सब कुछ कांग्रेस को सत्तारूढ़ करने के लिए कर रहे थे। इस प्रसंग पर विदेश मंत्रालय, विभाग और विदेश कार्य का समग्र कार्यकारी तंत्र संदेह की परतें हटाने और सत्योद्घाटन करने की दिशा में कार्यरत हो चुका है। वास्तव में बीसवीं सदी के वर्ष 1961 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी यूएसएड विदेशी सहायता एजेंसी की स्थापना की थी। तात्कालिक रूप में इस सहायता का उद्देश्य अमेरिकी दृष्टि में अति पिछड़े देशों में जीवन की आधारभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करना था। इन आवश्यकताओं के अंतर्गत ऐसे देशों में भोजन, वस्त्र, औषधि, शिक्षा, स्वास्थ्य के लिए वार्षिक रूप में यूएसएड भेजी जाने लगी। जैसे-जैसे अमेरिका ने दुनिया में अपना प्रभुत्व फैलाना आरंभ किया, वैसे-वैसे अन्य गरीब, पिछड़े देश भी अमेरिकी आर्थिक सहायता प्राप्त करने लगे। इन देशों में बांग्लादेश, पाकिस्तान, म्यांमार, नाइजीरिया, कांगो, सोमालिया, यमन, सूडान, इत्यादि भी शामिल थे। धीरे-धीरे अमेरिका ने विकासशील देशों में भी यूएसएड की आड़ में अपनी राजनीतियों का क्रियान्वयन आरंभ कर दिया। कालांतर में सोमालिया, सूडान, इराक, सीरिया, यमन, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश और यहां तक कि भारत में भी अमेरिकी वित्तीय सहायता आतंक फैलाने, मादक पदार्थों की तस्करी करने और लोकतांत्रिक माध्यम से स्थापित सत्ताओं के विरुद्ध तरह-तरह का दुष्प्रचार करने में खर्च होने लगी। कैनेडी ने



1961 में जिस मानवीय सहायता के भावनावश यूएसएड आरंभ की थी, आज 63 वर्ष बाद यह सहायता बाइडेन के नेतृत्व में अमेरिका के लिए देशों के विरुद्ध षड्यंत्र करने-फैलाने और सहायता पाने वाले अधिसंख्य मुस्लिम देशों के लोगों के लिए जन्मसिद्ध अधिकार होने का पर्याय बन गई है। 63 वर्ष पूर्व सहायता पाने वाली जिस वैश्विक आबादी में सहायता की प्रतिक्रिया में धन्यवाद की भावना होती थी, अब उस आबादी की वर्तमान पीढ़ी धन्यभावना भूल चुकी है। वह हक की नजर से सहायता लेती है और सहायता के बदले देश-विदेश में कुछ भी कोई भी अराजक कांड करने का माध्यम बन जाती है। यूएसएड को हक मानकर हड़पने वालों में पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, इत्यादि देशों के आतंकवादी और अवैध काम करने वाले ही नहीं है, बल्कि इन देशों के शासकीय तंत्र के पक्ष और विपक्ष के नेता भी शामिल हैं। इस प्रकरण में भारत अपवाद नहीं है। यहां भी यूएसएड के संदर्भ में उपरोक्त देशों जैसी इंसानी और तंत्रगत दुष्प्रवृत्तियां हावी रही हैं। अमेरिकी वित्तीय सहायता कार्यक्रम हेतु दुनियाभर के 60 देशों में यूएसएड एजेंसी के कार्यालय हैं। इस एजेंसी का वार्षिक बजट 40 अरब डालर है। भारत तीसरे स्थान पर है जिसे सबसे अधिक एड मिली है। यहां यह वित्तीय सहायता शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के क्षेत्रों हेतु दी जाती है। यह एड मानवों की भलाई के लिए दी जा रही है। किंतु भारत के संदर्भ में तो स्पष्ट दिखता है कि यहां क्रिश्चिन मिशनरीज के माध्यम से अंग्रेजी शिक्षा, भाषा, जीवनशैली, रहन-सहन और अन्यान्य गतिविधियों में भारत के लोगों को झोंके रखने के मकसद से ही यूएसएड वितरित होती रही है। गत दस वर्षीय भारतीय शासन ने अमेरिकी वित्तीय सहायता के चालचरित्र को पहचान कर उसके प्रतिरोध के लिए जो व जितने भी शासकीय उपाय किये हैं, उनके प्रभाव में ही ट्रंप व एलन मस्क के माध्यम से आज यह रहस्योद्घाटन हो रहा है कि ऐसी सहायता का दुरुपयोग तो भारत में आम चुनाव तक को प्रभावित करने के लिए किया जाता रहा है। दुनिया के शांत व समझदार लोग स्पष्ट देखते आये हैं कि अमेरिका में डेमोक्रेट्स और भारत में कांग्रेस के शासनकाल में कितना राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक पराभव घटित होता रहा है। इतना ही नहीं, ऐसे शासन की शासकीय अयोग्यताओं द्वारा अमेरिका और भारत दोनों के ही पड़ोसी देशों में भी भयंकर अराजकता व अस्थिरता उत्पन्न होती रही है। अमेरिकी डेमोक्रेट्स की शासकीय अयोग्यता का दुष्परिणाम दूरी दुनिया ने म्यांमार, श्रीलंका, अफगानिस्तान, सीरिया और बांग्लादेश में तख्तापलट के रूप में देखा ही है। यूक्रेन, रूस, इजरायल व फिलीस्तीन में युद्धगत विनाश के रूप में भी डेमोक्रेट्स का लालच स्पष्ट दृष्टिगोचर है। बांग्लादेश में तो भारत विरोधी राजनीतिक वातावरण निर्मित करने के लिए डेमोक्रेट्स ने यूएसएड की आड़ में 2.9 करोड़ डॉलर फूंके। वास्तव में हिंदुत्व के विचार के साथ समृद्ध हो रहे भारत को अमेरिका की क्रिश्चियन गुप्त शक्तियां अस्थिर करना चाहती हैं। इस कोशिश में इस्लामिक ताकतें भी समानांतर रूप में हाथ-पैर मार रही हैं। भाजपा के नेतृत्व में आरूढ़ वर्तमान भारतीय शासन ऐसी ताकतों को फूटी आंख नहीं सुहा रहा। अमेरिका में जब-जब डेमोक्रेट्स शासन सत्तारूढ़ हुआ, तब-तब उसके गुप्त शासकीय कार्यक्रमों में शत्रु देशों के विरुद्ध कूटनीतियां बना उन्हें क्रियान्वित करना सदैव प्राथमिकता में रहा। डेमोक्रेट्स के शासन में राजनेता बने कई व्यवसायियों का हथियार विनिर्माण का धंधा है। ऐसे धंधे के फलित होने के लिए दुनिया में युद्ध होते रहने चाहिए ताकि इनके द्वारा निर्मित हथियारों की खपत होती रहे और इनका लाभ बढ़ता रहे। भारत के विरुद्ध भी डेमोक्रेट्स की ऐसी ही योजना थी।

## कॉलेज कैम्पस के माहौल को सुधारने की जरूरत

देश के विभिन्न हिस्सों में उच्च शिक्षा संस्थानों के कैम्पसों से लगातार क्षेत्र नस्ल रंग भेद को लेकर सहपाठी छात्र-छात्राओं के साथ अमानवीयता भरा दुर्व्यवहार करने के समाचार आते रहते हैं। इनका सबसे दुखद पहलू यह है कि कई मामलों में पीड़ित छात्र-छात्रा उत्पीड़न से तंग आकर सुसाइड जैसे कदम उठा रहे हैं। यह बेहद चिंताजनक और शर्मनाक विषय है। सवाल उठता है कि हमारे कैम्पसों का माहौल टार्चर सेंटर में तब्दील क्यों हो रहा है? सीनियर छात्र जूनियर छात्रों को रैगिंग के नाम पर उत्पीड़न और दुर्व्यवहार की हदें पार क्यों कर रहे हैं? ताजा मामलों में ओडिशा के भुवनेश्वर में कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी के हॉस्टल में एक नेपाली छात्रा का शव बरामद हुआ। आरोप लगाया गया है कि छात्रा को उत्पीड़न कर आत्महत्या के लिए मजबूर किया गया। इस मामले में अब तक 6 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। छात्रा के बैचमेट भारतीय छात्र के साथ ही मंगलवार को केआइआइटी के तीन डायरेक्टर और दो सिक्योरिटी गार्ड्स को अरेस्ट किया गया। वहीं एक अन्य घटना कर्नाटक के एक मेडिकल कॉलेज में कश्मीरी छात्र के साथ मारपीट और रैगिंग की सामने आयी है। अनंतनाग जम्मू-कश्मीर के रहने वाले सेकेंड ईयर के एमबीबीएस छात्र हमीम के साथ अल-अमीन मेडिकल, विजयपुरा में मंगलवार को क्रिकेट मैच के दौरान यह घटना घटी। 2019 बैच के सीनियर छात्रों ने हमीम को रैगिंग का शिकार बनाया, उसे धमकाया और मारा-पीटा। उन्होंने उसे जबरन माफी मांगने का वीडियो भी रिकॉर्ड करवाया। जम्मू-कश्मीर छात्र संघ ने इस घटना की निंदा की है और कर्नाटक के मुख्यमंत्री से इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की है। हाल ही में 15 जनवरी को कोच्चि के त्रिपुनीथारा में 15 साल के एक नाबालिग छात्र मिहिर ने हॉस्टल की छब्बीसवीं मंजिल से छलांग लगाकर जान दे दी थी। आरोप है कि उसे रंगभेद की वजह से सहपाठियों द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा था। इससे पहले गुजरात के एक मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस छात्र अनिल मेघानिया को सीनियर छात्रों द्वारा रैगिंग के नाम पर तीन घंटे लगातार डांस करने के लिए मजबूर किया गया। छात्र की मौके पर ही मौत हो गई थी। यह मामले तो नमूनाभर हैं, आए दिन हमारे कॉलेज कैम्पसों से शारीरिक मानसिक दैहिक शोषण की खबरें आ रही हैं। बता दें कि नेपाली छात्रा से जुड़े ताजा मामले की जांच के लिए ओडिशा सरकार ने मंगलवार को गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रमुख सचिव और उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त-सह-सचिव वाली हाई लेवल फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का गठन किया है। दरअसल, 16 फरवरी की शाम बी-टेक थर्ड ईयर की स्टूडेंट प्रकृति लामसाल का शव कॉलेज के हॉस्टल में मिला था। कहा गया कि उसने आत्महत्या की है। छात्रा की मौत पर कॉलेज के अन्य इंटरनेशनल छात्रों ने यूनिवर्सिटी प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। छात्रों ने आरोप लगाया कि प्रकृति के बैच का ही भारतीय छात्र उसे प्रताड़ित कर रहा था। स्टूडेंट्स का कहना है कि शिकायतों के बाद भी यूनिवर्सिटी ने आरोपी के खिलाफ कारवाई नहीं की। वहीं, सोशल मीडिया पर यूनिवर्सिटी के नेपाली छात्रों के हवाले से दावा किया जा रहा है कि लड़की का मर्डर किया गया था। एक छात्र ने बताया कि हम लोग प्रदर्शन कर रहे थे। यूनिवर्सिटी स्टाफ आए और हॉस्टल खाली करने को कहा। जो लोग जल्दी से सामान पैक नहीं कर रहे थे, उन्हें मारा गया। हमें जबरन हॉस्टल खाली करने पर मजबूर कर दिया गया। दो बसों में भरकर हमें कटक रेलवे स्टेशन पर उतार दिया गया। ओडिशा के कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी कैंपस में प्रदर्शनकारी स्टूडेंट के साथ गलत व्यवहार पर स्टाफ और यूनिवर्सिटी ने माफी मांग ली है। यह प्रदर्शन यूनिवर्सिटी की एक नेपाली स्टूडेंट के सुसाइड के बाद हुआ था। प्रदर्शन से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया था। वीडियो में यूनिवर्सिटी की एक प्रोफेसर मंजूषा पांडे कहती हैं कि हम 40 हजार से ज्यादा स्टूडेंट को मुफ्त में खाना खिला रहे और पढ़ा रहे हैं। वहीं एक महिला कर्मचारी जयंती नाथ ने चिल्ला कर कहा कि यह आपके देश के बजट के बराबर है। सवाल उठता है कि प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को हैवानियत का निशाना बनाकर कब तक मौत के मुंह में जाने के लिए मजबूर किया जाएगा? क्या हमारे कैंपस अय्याशी और अपराध के अड्डे बन रहे हैं? कई राज्यों के कालेज कैंपसों में नशीले पदार्थों की सप्लाई और नशाखोरी के समाचार भी चिंताजनक हैं। सरकार को कैंपसों को बरबाद होने से बचाने के लिए सख्त कदम उठाने चाहिए।

## सुख की चाह के लिए तप की साधना ज़रूरी

तप संकल्प की प्राप्ति का एकमात्र उपाय है। जिसे सत्य संकल्प द्वारा सुख की चाह है, उसे तप की साधना अवश्य करनी चाहिए। संकल्प के दृढ़ एवं सत्य न होने का सबसे बड़ा कारण तप की कमी होता है। जो व्यक्ति अपने स्थूल और सूक्ष्म शरीर के द्वारा तप नहीं करता, वह अपने संकल्पों को कभी प्राप्त नहीं कर सकता। तप से हमें अपने मन और तन, दोनों को पक्का बनाना होता है। जैसे मिट्टी का कच्चा घड़ा पानी डालने पर गल जाता है। वह अग्नि में बिना तपे कभी जल नहीं ला सकता। इसी प्रकार जब तक मनुष्य अपने जीवन को तप द्वारा पक्का नहीं बनाता, तब तक वह कभी भी अपने संकल्पों की सिद्धि को धारण नहीं कर सकता। तप से जीवन की समस्त अशुद्धियां दूर होती हैं। अशुद्धियों के दूर होने से शरीर और इंद्रियों को विशेष सिद्धि मिलती। तभी कहा जाता है कि तप से सभी कुछ साध्य है। वेदों में भी तप की महिमा और आवश्यकता का अनेक स्थानों पर वर्णन किया गया है। कल्याण की कामना करने वाले ऋषिगण भी प्रथम तप और दीक्षा का ही अनुष्ठान करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय स्कंध में श्री भगवान ब्रह्मजी से कहते हैं कि 'मैं इस दृश्यमान अखिल प्रपंच को तप द्वारा रचता हूं और पुनः तप द्वारा ही ग्रसित कर लेता हूं। मैं तप द्वारा ही इस विश्व का भरण-पोषण करता हूं और मेरा अत्यंत तेजस्वी पराक्रम तप ही है। तप द्वारा वह तेज और वह शक्ति प्राप्त की जा सकती है, जो किसी भी संकल्प की प्रतिपूर्ति का आधार बनती है।'

## ऐसे काम न करें, जिनसे समाज में गलत संदेश जाएं

परमहंस जी अपने शिष्यों को नियमित रूप से उपदेश दिया करते थे। एक दिन जब वे उपदेश दे रहे थे, उस समय एक शिष्य ने उनसे पूछा कि आम लोग तो सभी सुख-सुविधाओं का लाभ उठाते हैं, लेकिन साधु-संतों के लिए इतने कठोर नियम क्यों हैं? परमहंस जी ने शिष्य से कहा कि हमें ऐसे काम करना चाहिए, जिनसे समाज को अच्छा संदेश मिलता है। ये बात साधु-संतों को खासतौर पर ध्यान रखनी चाहिए। आम लोग तो समाज में रहकर अनुशासन के साथ सभी काम कर सकते हैं, लेकिन साधु-संत को हर हाल में गलत कामों से दूर ही रहना चाहिए। साधु-संतों को धन का संग्रह नहीं करना चाहिए, सुख-सुविधा पाने की इच्छा नहीं रखनी चाहिए, संत को क्रोध से भी बचना चाहिए। तभी वे समाज को अच्छा संदेश दे सकते हैं। शिष्य ने फिर पूछा कि साधु-संतों के लिए ही इतने कठिन नियम क्यों हैं? जबकि वे भी इसी समाज का हिस्सा हैं। परमहंस जी ने शिष्य को समझाया कि त्याग का संदेश साधु-संत नहीं देंगे तो और कौन दे सकता है। साधु-संत अपने ज्ञान और कर्म से समाज को श्रेष्ठ जीवन जीने की सीख देते हैं। साधु-संत हमें बताते हैं कि हमें किसी भी चीज का मोह नहीं रखना चाहिए, त्याग की भावना रखेंगे तो कभी दुखी नहीं होना पड़ेगा। परमहंस जी ने साधु-संतों के माध्यम से संदेश दिया है कि अगर हम घर-परिवार और समाज को बेहतर बनाना चाहते हैं तो हमें इसकी शुरुआत खुद से करनी चाहिए।

# रोज साइकिल चलाने से होता है दिमाग तेज, शुगर-कोलेस्ट्रॉल रहे कंट्रोल

आज से कुछ दशक पहले जब लोगों के पास गाड़ी-मोटर नहीं हुआ करती थी तो वे साइकिल से ही मीलों का सफर तय करते थे। हालांकि तेजी से बदलती इस दुनिया में अब साइकिल का इस्तेमाल कहीं आने-जाने के लिए कम बल्कि वर्कआउट के लिए ज्यादा हो गया है। आजकल बहुत से लोग स्वस्थ रहने के लिए साइकिलिंग करते हैं। साइकिल चलाने से फिजिकल हेल्थ तो दुरुस्त रहती ही है, साथ ही मेंटल हेल्थ भी बेहतर होती है। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ एपिडेमियोलॉजी में पब्लिश एक स्टडी के मुताबिक, रोजाना साइकिल चलाने से डिप्रेशन और एंग्जाइटी का खतरा 15 प्रतिशत तक कम होता है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे 2019-20 के मुताबिक, भारत में 50.4 प्रतिशत परिवारों के पास साइकिल है। हालांकि 2015-16 के मुकाबले यह आंकड़ा थोड़ा कम है। उस समय देश में 52 प्रतिशत से ज्यादा परिवारों के पास साइकिल थी। रोजाना सुबह साइकिल चलाने से ब्लड सर्कुलेशन अच्छा होता है और शरीर में एनर्जी आती है। तेजी से साइकिल चलाने से ज्यादा कैलोरी बर्न होती है, जिससे वजन कम करने में मदद मिलती है। साइकिलिंग से मेटाबॉलिज्म बेहतर होता है। इसके अलावा पैरों, कंधों और हाथों की मसल्स भी मजबूत होती हैं। इसके लिए कोई उम्र निर्धारित नहीं है। आमतौर पर ज्यादातर बच्चे 6 से 11 साल की उम्र के बीच साइकिल चलाना सीखते हैं। हालांकि हर बच्चे का विकास अलग होता है। इसलिए वे अलग-अलग उम्र में साइकिल चलाने के लिए तैयार होते हैं। इसके लिए उन पर दबाव नहीं बनाना चाहिए। यह व्यक्ति की शारीरिक क्षमता पर निर्भर करता है कि वह कितनी देर तक साइकिल चला सकता है। हालांकि अगर आप शुरुआत कर रहे हैं तो 15-20 मिनट साइकिल चलाना पर्याप्त है। वहीं एक स्वस्थ व्यक्ति को रोजाना कम-से-कम 30-40 मिनट तक साइकिल चलानी चाहिए। वर्कआउट की जगह साइकिलिंग एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। लेकिन यह इस बात पर निर्भर करता है कि आपके फिटनेस गोल्स क्या हैं और आपकी फिजिकल कंडीशन कैसी है। साइकिलिंग और वर्कआउट दोनों के अपने-अपने फायदे हैं, जो आपकी जरूरतों और पसंद के अनुसार बदल सकते हैं। हालांकि दोनों को मिलाकर भी आप अपनी फिटनेस प्लानिंग



कर सकते हैं। साइकिलिंग न केवल फिजिकल हेल्थ के लिए फायदेमंद है, बल्कि मानसिक रूप से भी ताजगी और खुशी का अहसास कराती है। साइकिल चलाने से शरीर में एंडोर्फिन हॉर्मोन का लेवल बढ़ता है, जो तनाव को कम करके बेहतर महसूस कराता है। साइकिलिंग स्ट्रेस, डिप्रेशन और एंग्जाइटी जैसी मेंटल हेल्थ के खतरे से बचा जा सकती है। साइकिल चलाने से ब्रेन में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है, जिससे उसे ज्यादा ऑक्सीजन व न्यूट्रिएंट्स मिलते हैं और दिमाग तेज काम करता है। साइकिलिंग करना भले ही बहुत सामान्य बात है। लेकिन इसे चलाते समय कुछ सावधानी बरतने की जरूरत होती है। अगर आप धीरे-धीरे करके टाइम बढ़ाते हैं तो लंबे समय तक साइकिलिंग कर सकते हैं। लेकिन अगर अचानक एक साथ ज्यादा देर तक साइकिलिंग करते हैं तो कुछ स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। जांघों में कपड़ों की रगड़ से रैशेज और खुजली की समस्या हो सकती है। पैर, गर्दन, कमर, कंधों और घुटनों में दर्द हो सकता है। थकान और कमजोरी हो सकती है। सांस लेने में समस्या हो सकती है। शरीर के निजी अंगों में दर्द हो सकता है। वैसे तो साइकिल चलाना हर किसी के लिए फायदेमंद ही है। लेकिन कुछ लोगों को इससे समस्या हो सकती है। उन्हें साइकिल चलाने से बचना चाहिए। जैसेकि- जिन्हें सांस या हार्ट संबंधी प्रॉब्लम है।

# आज जारी होगी पीएम किसान सम्मान निधि योजना की किश्त

- राज्य के 72 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों रिग्रमें अंतरित होगी 1400 करोड़ से अधिक की राशि
- राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान, दुर्गापुरा में आयोजित होगा राज्य स्तरीय किसान सम्मान समारोह

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** पीएम किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों को 19वीं किश्त 24 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर कमलों से बिहार के भागलपुर में आयोजित होने वाले किसान सम्मान समारोह में जारी की जाएगी। सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने बताया कि योजना के तहत राजस्थान के 72 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में 1400 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित की जाएगी।




दक ने बताया कि इस अवसर पर राज्य स्तरीय किसान सम्मान समारोह राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान, दुर्गापुरा में आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्य अतिथि होंगे। वहीं, जिला, ब्लॉक एवं ग्राम स्तर पर भी कृषि विभाग के समन्वय से कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें बड़ी संख्या में कृषकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत अब तक 18 किश्तों के माध्यम से देश के 11 करोड़ से भी अधिक किसान परिवारों को 3.46 लाख करोड़ रुपये से अधिक की धन राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की जा चुकी है। सहकारिता मंत्री ने बताया कि राज्य में मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना लागू कर पीएम किसान सम्मान निधि योजना के समस्त पात्र किसानों को 2000 रुपये की अतिरिक्त राशि दी जा रही थी, जिसे राज्य बजट 2025-26 में बढ़ाकर 3000 रुपये करने की घोषणा की गई है। राज्य में अब योजना के पात्र किसानों को 8000 रुपये के स्थान पर 9000 रुपये प्रति वर्ष सम्मान निधि के रूप में मिलेंगे।

# माइंस सेक्टर में आर एण्ड डी को मिलेगा बढ़ावा, माइंस सेक्टर होगा बूस्टअप : टी. रविकान्त

- बजट घोषणाओं की क्रियान्विति का बन रहा है रोडमेप, समयवद्ध क्रियान्विति पर जोर
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में आ रहा है सकारात्मक बदलो

जनमार्ग न्यूज



**जयपुर।** प्रमुख शासन सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम टी. रविकान्त ने कहा है कि राज्य सरकार ने बजट में जयपुर में एक्सीलेंस सेंटर, उदयपुर में इंस्टीट्यूट ऑफ माइंस और जोधपुर में एमबीएम यूनिवर्सिटी में पेट्रो केम्पस की स्थापना के साथ ही राजस्थान मिनरल एक्सप्लोरेशन लि. के गठन की घोषणा से प्रदेश के माइंस सेक्टर को नई दिषा, एक्सप्लोरेशन को गति और नई पीढ़ी को खनन क्षेत्र के नवीनतम शोध-अध्ययन के अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि माइंस विभाग ने बजट घोषणाओं की समयवद्ध क्रियान्विति के लिए रोडमेप तैयार करने और आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करना शुरु कर दिया है।

प्रमुख सचिव माइंस एवं प्रभारी सचिव उदयपुर टी. रविकान्त को उदयपुर में निदेशक माइंस दीपक तंवर व वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में माइंस सेक्टर में तेजी से सकारात्मक बदलाव आ रहे हैं। राज्य में नई खनिज नीति, एम सेण्ड नीति के साथ ही नियमों व प्रक्रियाओं का सरलीकरण किया गया है। माइनिंग ब्लॉकों व प्लॉटों की नीलामी में आज राजस्थान देश में शीर्ष पर आ गया है और पिछले दिनों उडीसा के कोणार्क में आयोजित देश के खान मंत्रियों के सम्मेलन में राजस्थान की उत्कृष्ट उपलब्धि पर सम्मानित किया गया है।

रविकान्त ने अधिकारियों से रेवेन्यू लक्ष्यों की शतप्रतिशत अर्जित करने के निर्देश देते हुए रेवेन्यू छीजत पर प्रभावी रोक और राजस्व अर्जन का नया रेकार्ड बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वैध खनन को ब?ावा देकर ही अवैध खनन पर कारगर रोक संभव है। इसके लिए एक्सप्लोरेशन, डेलिनियेशन, ब्लॉक तैयार करने और योजनावद्ध ई नीलामी की रणनीति बनानी होगी।

निदेशक माइंस दीपक तंवर ने बताया कि विभाग द्वारा 23 प्रतिशत विकास दर के साथ रेकार्ड राजस्व अर्जन कर लिया है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि राजस्व लक्ष्यों की शतप्रतिशत उपलब्धि के साथ ही राजस्व अर्जन का नया इतिहास बनाया जाएगा।

अतिरिक्त निदेशक माइंस महेश माथुर ने बताया कि माइनर और मेजर ब्लॉकों व प्लॉटों की नीलामी जारी है वहीं अवैध खनन के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई जारी है।

म ु ख य क ा य र् क ा र ी आरएसएमईटी एनके सिंह ने एक्सप्लोरेशन और खनिज ब्लॉकों की तैयारी की जानकारी दी।

बैठक में प्रमुख सचिव टी. रविकान्त ने विधानसभा प्रश्नों का समय पर उत्तर भिजवाने, नीलाम खानों को परिचालन में लाने, ऑक्शन की तैयारी, क्लोजिंग एरर, आईटी सिस्टम सहित विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तार से समीक्षा की।

बैठक में अतिरिक्त निदेशक पीआर आमेटा, मुख्य कार्यकारी आरएसएमईटी एनपी सिंह, एडीजी गोपालाराम, एसएमई धर्मेन्द्र लोहार, कमलेश्वर बारेगामा, एसपी शर्मा, टीए सतीष आर्य, एमई उदयपुर आसिफ अंसारी सहित अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

# स्काउट गाइड संघ बच्चों को संस्कारवान बनाता है: सोनी

## बुलबुल उत्सव एवं चिंतन दिवस आयोजित



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।आज** के समय में स्काउट गाइड ही एक मात्र ऐसा संगठन है,जो बालक बालिकाओं को संस्कारवान बनाने के साथ साथ समाज सेवा एवं राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करने का कार्य कर रहा है ,ये विचार आज जिला स्काउट मुख्यालय में चिंतन दिवस पर आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना सभा में शामिल समाज सेवी राजकुमार सोनी ने रखे।

मुख्य अतिथि श्री सोनी ने आगे कहा कि आज के बच्चे मोबाइल में खो चुके हैं।गलियां और पार्क बच्चों के खेल खेलने के कलरव से वंचित है। ऐसे समय में स्काउट गाइड संगठन बच्चों को समाज के साथ जोड़ने का कार्य कर रहा है। सीओ स्काउट इंद्राज सुथार ने बताया भारत स्काउट एवं गाइड के संस्थापक लार्ड बैडन पॉवेल की जयंती अवसर पर जिला स्काउट मुख्यालय में कब बुलबुल उत्सव एवं चिंतन दिवस मनाया गया।जिसका शुभारंभ मुख्यातिथि समाज सेवी राजकुमार सोनी ने ध्वजारोहण के साथ किया। कब्स ने विशाल गर्जना एवं बुलबुल ने बड़ी सलामी के साथ उत्सव का शुभारंभ किया।उत्सव में कब बुलबुल ने जंगल के गीत तथा मोगली की कहानी आधारित गतिविधियों का आयोजन किया। सीओ गाइड मोनिका यादव ने बताया अतिथियों ने उत्सव में भाग ले रहे कब बुलबुल को राज्य स्तरीय चतुर्थ चरण एवं हीरक पंख अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।कब बुलबुल उत्सव में बीडीआईएस श्रीगंगानगर, श्रीगुरुनानक बालिका स्कूल,बाल निकेतन से.स्कूल,प्रगति कॉन्वेंट स्कूल एवं विद्यार्थी शिक्षा सहयोग समिति के 128 कब बुलबुल ने भाग लिया।सीओ स्काउट इंद्राज सुथार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए स्काउट गाइड गतिविधियों की जानकारी प्रदान की। उत्सव में स्थानीय संघ के सचिव रामकुमार स्वामी ने अतिथियों को स्कार्फ पहना एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मान प्रदान किया एवं आभार व्यक्त किया। वरिष्ठ स्काउटर मनोहर लाल ने मंच संचालन किया।इस अवसर पर समस्त पदाधिकारी,सर्विस रोवर रेंजर एवं स्काउट गाइड उपस्थित थे।

# श्री राधा कृष्ण की झांकी ने श्रद्धालुओं का मन मोहा

कथा

**चूनावढ।** कस्बे के तकिया डेरा के शनि मंदिर प्रांगण में श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन शनिवार को श्री राधा कृष्ण की झांकी प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया इस दौरान पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भजनों पर चूमने लगे क था वा च क पंडित ताराचंद शास्त्री ने महारास कंस वध रुक्मणी विवाह प्रसंग में महारास के बारे में शास्त्री ने बताया कि सत्संग से ही उत्तम प्रकाश की प्राप्ति होती है जब आत्मा का परम के साथ सहयोग बनता है तो रास शुरू होता है जब यह जीव परमात्मा से प्रेम करता है तो अपना कल्याण कर लेता है कंस वध में बताया कि हमेशा पाप पर धर्म की विजय और असत्य पर सत्य की जीत होती है कथा पंडाल में सभी भक्त मिलकर रुक्मणी विवाह की कथा सुनकर घूमने लगे इस दौरान मंदिर के पुजारी संजय कुमार ने बताया कि ठाकुर जी की आरती के बाद संगत में प्रसाद वितरण किया गया स े वा दा र म द न ला ल, धतरवाल महेश चाहर, राजेंद्र चाहर, दौलत घणघस, राजेंद्र घणघस, लेख राम सहारन, मनीराम प्रचार भैराराम प्रचार ,श्याम लाल गुंबर ओ म प्र का श महला आदि मौजूद थे। रविवार को साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा का समापन होगा इस दौरान हवन यज्ञ में पूर्ण आहुतियां दी जाएंगे



# किसान सम्मान समारोह का आयोजन

**संगरिया (जनमार्ग न्यूज)।** कृषि विज्ञान केन्द्र, ग्रामोत्थान विद्यापीठ, संगरिया में दिनांक 24 फरवरी, 2025 को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा भागलपुर में आयोजित ''किसान सम्मान समारोह'' के अवसर पर किसान सम्मान निधि की 19 वीं किश्त जारी करेंगे, जिसके तहत 9.7 करो? से अधिक किसानों को 22500 करो? से अधिक की राशि किसानों के बैंक खातों में अंतरित होगी। इस सम्पूर्ण कार्यक्रम का लाईव टेलीकास्ट कृषि विज्ञान केन्द्र, ग्रा.वि., संगरिया पर किया जायेगा। केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अनूप कुमार ने बताया की यह कार्यक्रम चार स्तरीय होगा। जिसमें राष्ट्रीय स्तर, राज्य, जिला, ब्लॉक तथा ग्राम स्तर पर होगा। हनुमानगढ़ का जिला स्तरीय कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र, संगरिया पर 24 फरवरी को प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित होगा।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की क्षमता संवर्धन कार्यशाला शुरू

**पीलीबंगा (जनमार्ग न्यूज)।** कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में ब्लॉक के सेक्टर खोथावाली,गोलूवाला और जाखड़ावाली की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के क्षमता संवर्धन के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला शनिवार को शुरू हुई।इस कार्यशाला में आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के विकास के लिए किए जाने वाले कार्यो की जानकारी दी जाएगी।



बाल विकास परियोजना अधिकारी मधुबाला,एसीबीईओ पूर्णराम देव और महिला पर्यवेक्षक वीरपाल कौर ने केंद्र में अध्ययनरत बच्चों के शारीरिक विकास,सामाजिक भावात्मक विकास,संज्ञानात्मक विकास, सृजनात्मक विकास और भाषाई कौशल विकास की गतिविधियों के माध्यम से जानकारी दी।बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।साथ ही केंद्र पर आने वाले बच्चों को किस प्रकार से खेल-खेल के माध्यम से शाला पूर्व शिक्षा हेतु तैयार करें और केंद्र पर आने वाले बच्चों को किस तरह से पोषण भी पढ़ाई भी थीम के अनुसार गतिविधियां करवायें।महिला पर्यवेक्षकों द्वारा भी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण के संबंध में विभिन्न प्रकार की जानकारियां दी गई।प्रशिक्षण के दौरान सभी कार्यकर्ताओं हेतु जलपान की व्यवस्था भी की गई।कार्यशाला में सरिता कटारिया,किरण कुमारी और मीना कुमारी आदि शामिल हुए।

# पूर्व पार्षद जानलेवा हमला करके बाइक में आग लगाई



जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** पूर्व पार्षद सुरेश बिश्नोई पर जानलेवा हमला करके हमलावर ने बाइक में आग लगा दी । पूर्व पार्षद सुरेश बिश्नोई ने कार्यवाहक थाना प्रभारी दिलीप जाखड़ को परिवाद देकर मुकदमा दर्ज करवाया है कि शुक्रवार रात्रि को वार्ड नंबर 8 में दुर्गा मंदिर के पीछे सलीम, बबलू के साथ 10 - 15 लोगों ने वार्ड नंबर आठ में हमारे घर में घुसकर मेरी मां और छोटे भाई की बहू के साथ मारपीट करने की सूचना मां ने मुझे फोन पर दी। मैं घर के पास पहुंचा ही था कि इन्होंने हाथ में पिस्तौल, डंडे और गडासियों से मुझ पर जानलेवा हमला करने के लिए गालियां निकालते हुए सामने की तरफ आए और जान से मारने की नीयत से हमला किया तो मैंने बड़ी मुश्किल से मोटरसाइकिल छोड़कर भागकर पड़ोसियों के घर में घुसकर जान बचाई। हमलावरों ने मेरे मोटरसाइकिल को तोड़कर जाते समय आग लगा दी, सूचना मिलने पर समाजसेवी कृष्ण जालप और वार्ड के लोग मौके पर पहुंचे तो हमलावर उन्हें देखकर सभी लोग भाग गए। घटना को लेकर युवा नेता मनोज जांगू , अश्वनी भांभू , कृष्ण जालप, सुनील भांभू , हेमराज भादू , अनिल रोकणा, सुमित कुमार, ज्ञान प्रकाश, मुकेश कुमार, गुलशन, कमल, सुरेंद्र सहित लोगों ने हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके कड़ी कार्रवाई करने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया।

# नाबालिग ब्लैकमेल कांड के अपराधियों पर कठोर कार्यवाही की मांग

- शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला शाखा द्वारा जिला महिला मंत्री निर्मला गुंबर और उपाध्यक्ष ऋतु सक्सैना के नेतृत्व में विजयनगर नाबालिक ब्लैकमेल कांड के आरोपियों को कठोर सजा दिलाने हेतु ज्ञापन दिया गया। जिला संयुक्त मंत्री रोमिका खीचड़ ने बताया कि ब्यावर जिले के विजयनगर में स्कूल की नाबालिग छात्राओं के साथ विधर्मी अपराधियों द्वारा संगठित और सुनियोजित तरीके से किये गये सामूहिक यौन शोषण एवं ब्लैकमेल कांड के विरोध में मुख्यमंत्री के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर रीना छींपा को ज्ञापन सोपा गया। संभाग संयुक्त मंत्री रेखा नारंग ने बताया कि ज्ञापन में ब्यावर जिले के विजयनगर में अपराधियों द्वारा नाबालिक छात्राओं का सामूहिक यौन शोषण की घटना पर जिले की महिला शिक्षकों ने रोष व्यक्त करते हुए उनके साथ न्याय की मांग की। जिला महिला सचिव चित्रा बिश्नोई ने बताया कि नाबालिग बच्चियों के साथ षडयंत्रपूर्वक और संगठित होकर एक धर्म विशेष का होने के कारण किया गया यौन शोषण मानव सभ्यता के इतिहास की एक कलंकित घटना है, इस घटना की गहराई से जांच कर, इसमें संलिप्त और सहयोग देने वाले कुत्सित मानसिकता के लोगों को त्वरित न्याय के सिद्धांत के आधार पर फास्ट ट्रैक अदालत में सुनवाई करने और सभी दोषियों को मृत्युदंड की सजा की मांग की गई। जिससे भविष्य में किसी के भी द्वारा इस प्रकार के अपराध अंकुश लग सके, साथ ही पीडति बालिकाओं और उनके परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए, जिससे वह भय रहित हो कर अपना जीवन जी सके। जिला महिला संगठन मंत्री ज्योत्सना चौधरी ने बताया कि यह घटना 1992 की अजमेर ब्लैकमेल कांड की दुखद स्मृतियों को ताजा करने वाली है। नाबालिक बालिकाओ का जीवन बर्बाद करने के ऐसे प्रयासों की पुनरावृत्ति न हो, इसलिये प्रसासन के साथ समाज व परिवारों को भी सजग रहना होगा। इस अवसर पर संभाग संयुक्त मंत्री रेखा नारंग, उपशाखा अध्यक्ष पुष्पेंद्र बिश्नोई, उपशाखा महिला मंत्री निशा दावड़ा,हरप्रीत कौर, माधुरी खत्री, रमा कटारिया, गरिमा चतुर्वेदी, चंदा जिंदल, नीलम शर्मा, सुमन रानी, स्वाति कालड़ा, पूजा, सुमन लता मायल, सावित्री, सुषमा रानी, चित्रा बिश्नोई, रोमिका खीचड़ ज्योत्सना चौधरी सहित कई शिक्षिकाएं उपस्थित थी।

# संगठन पर्व निर्वाचन बैठक में प्रदेश प्रतिनिधि आत्माराम तरड़ हुए शामिल



## निर्विरोध प्रदेशाध्यक्ष चुने जाने पर मदन राठौड़ से व्यक्तिगत मिलकर शुभकामनाएं दी

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** संगठन पर्व के निमित्त आयोजित प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय परिषद सदस्य निर्वाचन बैठक में प्रदेश प्रतिनिधि के रूप में भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष व पंचायत समिति पूर्व प्रधान आत्माराम तरड़ शामिल हुए। सर्वसम्मति से राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ के निर्विरोध प्रदेशाध्यक्ष चुने जाने पर आत्माराम तरड़ ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से मिलकर शुभकामनाएं दी तथा विश्वास व्यक्त किया कि उनके कुशल नेतृत्व में संगठन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा तथा प्रदेश में पार्टी की स्थिति और भी सुदृढ़ होगी। बैठक में राजस्थान प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल, केंद्रीय पर्यवेक्षक एवं गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित मंत्री, विधायक, नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष, प्रदेश प्रतिनिधि, राष्ट्रीय परिषद के सदस्य मौजूद रहे। इस मौके पर श्रीगंगानगर से भाजपा जिलाध्यक्ष शरणपाल सिंह, विधायक जयदीप बिहाणी, विजेन्द्र पूनिया, सारिका चौधरी, प्रदीप धेरड़, जुगल डुमरा, सुरेश मिश्रा, जगदीश मेघवाल आदि भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

## प्राचीन-भव्य-विलक्षण
# श्रृंगेरी मठ के मंदिर

भारत के चारों कोणों पर स्थित भव्य मठों में से एक श्रृंगेरी मठ कर्नाटक में स्थित है। आदिगुरु शंकराचार्य द्वारा स्थापित इस मठ में कई ऐसे भव्य मंदिर हैं, जो धार्मिक आस्था का तो केंद्र हैं ही, वास्तुकला के भी अद्वितीय उदाहरण हैं। इस मठ और इसके कुछ मंदिरों के बारे में आप भी जरूर जानना चाहेंगे।



भारत की विविधवर्णी धार्मिक आस्थाओं और संस्कृति का दिग्दर्शन भारत के मंदिरों में निहित है। उत्तर से दक्षिण तक विभिन्न स्थानों पर स्थित हमारे मंदिरों में धार्मिक ज्ञान के अतिरिक्त चारों पुरुषार्थ धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की ओर प्रेरित करने का संदेश भी निहित है।

### शंकराचार्य ने की श्रृंगेरी मठ की स्थापना

आदि गुरु शंकराचार्य ने चारों धामों की स्थापना में सर्वप्रथम मंडन मिश्र को शास्त्रार्थ में पराजित कर दक्षिण भारत में तुंगा नदी के तट पर श्रृंगेरी शारदा पीठ की स्थापना की थी। वर्तमान कर्नाटक राज्य के चिकमंगलूर में यह मठ स्थित है। मंडन मिश्र को सुरेश्वराचार्य नाम देकर, यहां धर्म प्रचार के लिए उनको मठ का प्रथम आचार्य बनाया। तभी से इस श्रृंगेरी मठ की सनातन धर्म के मतावलंबियों में बहुत प्रतिष्ठा और मान्यता है।

### शारदांबा मंदिर

श्रृंगेरी मठ के परिसर में कई मंदिर स्थित हैं। पहला मंदिर मां शारदांबा को समर्पित है। माना जाता है कि यहां ज्ञान की देवी मां शारदा की सबसे प्रचीन प्रतिमा स्थापित है। सोने से बनी मां शारदा की प्रतिमा, बहुत भव्य और मनमोहक है। इस क्षेत्र ही नहीं इसके आस-पास के इलाकों में रहने वाले लोग भी अपने बच्चों को विद्याध्ययन के आरंभ का संस्कार, मां शारदांबा का आशीर्वाद लेने और उनके सान्निध्य में पूर्ण कराने आते हैं। मंदिर की परिक्रमा में सोने और चांदी से बनी मयूर, वृषभ, गरुड़, सिंह, अश्व, हाथी, वीणा और कामदेव की सुंदर मूर्तियां स्थापित की गई हैं।

### विद्याशंकर मंदिर

शारदांबा मंदिर के बाहर, बारहवीं सदी में बने विद्याशंकर मंदिर की शिल्पकला वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित है और देखने में अनुपम है। यह मंदिर विजयनगर साम्राज्य के यशस्वी राजा हरिहर-बुक्का द्वारा बारहवीं सदी में बनवाया गया था। यह मंदिर रथनुमा संरचना पर बना है। ऐसी मान्यता है कि रथ के चारों पहिए धरती के अंदर स्थित हैं। भगवान शिव को समर्पित इस मंदिर की विशेषता यह है कि इसमें बने बारह स्तंभ, बारह राशियों का प्रतिनिधित्व करते हैं। प्रत्येक संक्रांति पर सूर्य जिस राशि में प्रवेश करता है, उस राशि के स्तंभ पर सूर्य की किरण क्रमानुसार पड़ती है। मंदिर के चारों ओर की दीवारों पर पौराणिक कथाओं को दर्शाती हुई अनेक मूर्तियां उत्कीर्ण की गई हैं। इनमें एक प्रतिमा तीर्थंकर भगवान महावीर की भी है, जो हमारे राष्ट्र की धार्मिक एकात्मता का श्रेष्ठ उदाहरण है।



भगवान चंद्र मौलीश्वर की पूजा-आराधना करते आचार्य

### करी जाती है विधिवत पूजा



श्रृंगेरी मठ के परिसर में स्थित मां शारदांबा का भव्य मंदिर

मठ के वर्तमान आचार्य पूज्य भारती तीर्थ, रात्रि के समय स्वयं अपने निवास के समीप बने एक विशाल प्रांगण में भगवान चंद्र मौलीश्वर की पूजा करते हैं। सैकड़ों भक्तों की उपस्थिति में दर्जनों विद्वान ब्राह्मणों द्वारा समवेत स्वर में ऋग्वेद, यजुर्वेद और सामवेद के मंत्रों के साथ भगवान शिव की पूजा की जाती है। इन पवित्र धार्मिक स्थलों के दर्शन अपने आप में अलौकिक अनुभव कराते हैं।

### मठ स्थापना से जुड़ी पौराणिक मान्यता

श्रृंगेरी, श्रृंगी ऋषि के नाम पर तुंगा नदी के तट पर बसा एक नगर है। ये वही महान ऋषि के पुत्र श्रृंगी थे, जिन्होंने राजा दशरथ का पुत्रेष्टि यज्ञ किया था। मान्यता है कि वे राजा दशरथ के दामाद थे, जिनका भगवान राम की बहन शांता के साथ विवाह हुआ था। जब आद्य शंकराचार्य नदी पर आए तो उन्होंने यहां एक अद्भुत दृश्य देखा। एक सांप मादा मेंढक के ऊपर, जो गर्भवती थी, अपने फन से छाया किए हुए था। इस करुणामय दृश्य को देखकर ही उन्होंने यहां मठ स्थापित करने का निर्णय लिया। यह दृश्य आज भी नदी के तट पर पाषाण रूप में मौजूद है।

### ईश्वरीयगिरि मंदिर

मठ से लगभग 200 मीटर की दूरी पर श्रृंगी ऋषि के पिता विभांडक ऋषि का ईश्वरीयगिरि मंदिर है। यहां 165 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं। मुख्य सड़क पर बाहर 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ का मंदिर भी है। यह होयसाल वंश के राजाओं ने बनवाया था। मंदिर में सभी 24 तीर्थंकरों की छोटी मूर्तियों के साथ पार्श्वनाथ की बड़ी प्रतिमा के दोनों ओर सर्प सुशोभित हैं। ऐसी दुर्लभ प्रतिमा शायद ही अन्यत्र हो।

### श्रृंगेश्वर मंदिर

मठ से दस किलोमीटर की दूरी पर किगा गांव है। यहां श्रृंगी ऋषि को समर्पित श्रृंगेश्वर मंदिर स्थित है। मंदिर भारत के पौराणिक अतीत का जागृत प्रमाण है। इन्हें बारिश का देवता माना जाता है। मान्यता है कि इस क्षेत्र में जब वर्षा नहीं होती तो इस मंदिर में इनकी विशेष पूजा की जाती है। ❋

### कब जाएं-कहां ठहरें

**श्रृंगेरी कर्नाटक** राज्य के मंगलौर से 108 और उडुपी से 90 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यहां अनेक निजी होटल्स के अतिरिक्त मठ की ओर से कम शुल्क में ठहरने और भोजन की निःशुल्क उत्तम व्यवस्था है। यूं तो यहां दर्शन के लिए वर्ष में कभी भी आया जा सकता है, लेकिन सर्दी के अलावा गर्मी से पूर्व का वासंती मौसम यहां आने के लिए सबसे अनुकूल होता है।

---

समस्त शिवभक्तों के लिए वर्ष का सबसे बड़ा पर्व होता है महाशिवरात्रि। इस दिन पूर्ण समर्पण से पूजन करने पर शिव जी की कृपा प्राप्त होती है। आनंदेश्वर भगवान शिव के स्वरूप और उनसे संबद्ध प्रतीकों के निहितार्थ के बारे में जानिए।

## शिव आराधना का महापर्व
# कल्याणकारी महाशिवरात्रि



महाशिवरात्रि कल्याण की रात्रि है। अपने शिवत्व के जागरण की रात्रि है। इस जागरण के लिए सबसे पहले साधन, व्रत, नियम, उपवास, प्रवचन, संत-सन्निधि आदि से अंतःकरण की शुद्धि हो जाती है। ऐसा होने से ही तो जागरण होगा। जब हम अपने शिवत्व जागरण की बात कहते हैं, तब यह अंतर्निहित है कि हम भी शिव के ही अंश हैं। हम भी अविनाशी (जिसका विनाश न हो) ही हैं। आत्मा चूंकि ऊर्जा है, तो उसका नाश होगा नहीं, इसलिए अविनाशी कहा जाता है।

**शिव हैं आनंद के ईश्वर:** श्रीमद्भगवद्गीता में कहा गया है, 'ममैवांशो जीवलोके जीवभूतः सनातनः।' अर्थात वह मेरा ही अंशी है, मुझसे भिन्न नहीं है। वे परम आत्मा हैं और हम आत्मा हैं। ऐसे में दिव्यगुणों से अनुप्राणित होकर हम देवात्मा तो हो ही सकते हैं। कहा भी गया है कि मनुष्य देवता और राक्षस के बीच का पुल है। ऊपर उठ जाए तो देवता और नीचे गिर जाए तो राक्षस। अभी तो बस हमारे शरीर में प्राण हैं, इसलिए हम प्राणी हैं। प्राण निकले, निर्वाण हो उससे पहले दिव्यगुणों से भरकर दिव्यप्राणी या दिव्यता से भरकर 'देवता' हो सकते हैं। जब ऐसा हो जाता है, तब जीवन मधुर हो जाता है, क्लेश और संताप मिट जाते हैं और जब संताप मिट जाते हैं, तो आनंद का उद्रेक आता है। हम नंदित हो जाते हैं, नंदी हो जाते हैं। नंदी को शिव की सवारी, जब हम कहते हैं तो उसका प्रतीकात्मक अर्थ है–शिव अर्थात सर्वकल्याणकारी सत्ता की सवारी। इसलिए तो शिव को नंदीश्वर अर्थात 'आनंद का ईश्वर' कहा गया है। अतः, नंदी बैल को देखकर हमें इस प्रतीक को समझना चाहिए।



**त्रिशूल-धतूरा के निहितार्थ:** शिव से जुड़े सभी प्रतीकों को सही अर्थ में समझने की आवश्यकता है। त्रिशूल हमारी त्रिगुणात्मक (सत्त्व, रजस, तमस) प्रकृति है, जो एक दंड पर साधित रहती है। भूत-गण कुछ नहीं, अपितु काम, क्रोध, लोभ, मद और मोह के पंच-भूत हैं, जिन्हें उचित ही विकराल रूप दिया गया है। ये पंचभूत प्रतीकों में सौम्य रूप पा ही नहीं सकते हैं। शिव पूजन में जो धतूरा हम अर्पित करते हैं, वह अपने अंदर के विषैले तत्त्व को अर्पित कर देने का व्यंजक है, जिससे जीवन में मधुरता आए। कहा भी गया है, 'मधुरातायते मधुरक्षरन्ति सैंधवा।' शिव के पास रुद्रवीणा है। वह उसका वादन करते हैं, जिसे उनके अनन्य भक्त रावण द्वारा बनाया गया था। सर्प उनकी देह से लिपटे रहते हैं। त्रिशूल उनका अस्त्र है। यह त्रिशूल त्रयी का प्रतीक है। नृत्य करते समय वह डमरू थामे रहते हैं। उनके डमरू का नाद इस ब्रह्मांड की ऊर्जा के कंपन को प्रतिध्वनित करता है। नटराज शिव इस सृष्टि के कण-कण में समाए हुए हैं।

**पूजन में बिल्वपत्र की महत्ता:** बिल्व वृक्ष को शिव जी का ही एक स्वरूप माना गया है। इसका एक नाम श्रीवृक्ष भी है। श्री महालक्ष्मी का एक नाम है। इस वृक्ष की जड़ों में देवी गिरिजा, तने में देवी महेश्वरी, शाखाओं में देवी दक्षायनी, पत्तियों में देवी पार्वती, फूलों में मां गौरी और फलों में देवी कात्यायनी वास करतीं हैं। पत्तियों में देवी पार्वती का वास होने से शिवलिंग पर इसे खासतौर पर चढ़ाया जाता है। शिवमहापुराण में इसका महत्व खासतौर से बताया गया है। साथ ही बताया गया है कि बिना बिल्वपत्र के शिवपूजा अधूरी होती है। वहीं, अगर शिवजी की पूजा के लिए कई तरह की चीजें उपलब्ध न भी हों और सिर्फ एक बिल्वपत्र चढ़ा दिया जाए तो उससे पूजा का पूरा फल मिलता है। पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक जब देवी पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए तपस्या और पूजा की थी तब सबसे पहले उन्होंने ही भगवान शिव को बिल्वपत्र चढ़ाया था।

**महाशिवरात्रि की महिमा:** शिव आराधना की दृष्टि से महाशिवरात्रि की विशेष महत्ता है। जब सर्वव्यापक, सर्वसमर्थ, सर्वज्ञानी, सर्वशक्तिमान, अच्युत, अखंड, रसप्रद, सुखरूप, आनंदस्वरूप, विपत्तिभंजक, अघनाशक, दुःखहर्ता, सुखकर्ता, मंगलमूरत, करुणानिधान, पतितपावन भगवान शिव (आशुतोष) की पूर्ण समर्पण से भक्ति की जाती है, तो वे जल्द (आशु) ही प्रसन्न (तुष्ट) हो जाते हैं। तो आइए, इस महाशिवरात्रि, उस शिव का स्मरण करें, अपने अंदर के शिवत्व का जागरण करें। ॐ नमः शिवाय। ❋

---

अच्छा जॉब, इनकम होने के बावजूद आज की अधिकांश युवा पीढ़ी के पास फ्यूचर सेविंग्स की प्लानिंग का अभाव दिखता है। इसकी क्या वजहें हैं और इन पर कैसे करें कंट्रोल, जानिए।

## युवा पीढ़ी की फितरत
# गुड इनकम-नो सेविंग



एक बार बस यात्रा के दौरान मेरे बगल में बैठे एक बुजुर्ग सज्जन किसी मित्र सहयात्री को अपनी पीड़ा कुछ इस तरह बता रहे थे, 'हमार बचवा बहुते कमात है। पर पॉकेट में कुछो नहीं जात है। जौन पैसा आवत है, सब ही उड़ाए जात हैं।' उनकी आवाज में हल्की तल्खी, साथ-साथ पीड़ा भी थी। बस में ज्यादा यात्री नहीं थे इसलिए सभी यात्रियों ने उनकी बात को सुन लिया था। मैंने चारों तरफ नजर घुमाई तो पाया कि अधिकतर लोग मौन भले ही थे पर उनकी बात से सहमत नजर आ रहे थे। एक सज्जन बोल पड़े, 'यह लाइफस्टाइल क्रीप्स हैं। ज्यादातर यंगस्टर्स समझते ही नहीं कि लाइफस्टाइल इन्फ्लेशन उनकी जिंदगी को बर्बाद कर देगा। कुछ कहो तो मुंह फुला लेते हैं।'

आपके भी मन में सवाल उठ रहा होगा कि लाइफस्टाइल क्रीप और लाइफस्टाइल इन्फ्लेशन क्या होता है?

**लाइफस्टाइल क्रीप या इन्फ्लेशन:** माधवी एक मल्टीनेशनल कंपनी में अच्छे पद पर काम करती है। उसकी सैलरी अच्छी खासी है और समय-समय पर प्रमोशन-इंक्रीमेंट भी मिलता रहता है। लेकिन उसकी बढ़ती हुई इनकम के साथ-साथ खर्च भी बढ़ता चला जाता है। क्योंकि हाथ में ज्यादा पैसा देखकर उसकी खर्च करने की आदतें भी बदलती जाती हैं। नतीजतन वह हमेशा अपने घर खर्च, लाइफस्टाइल च्वॉइस और फाइनेंशियल गोल्स के बीच संतुलन बैठाने में खुद को परेशान और उलझी हुई महसूस करती है। आय बढ़ने के साथ-साथ खर्च को नियंत्रित न रखकर बढ़ाते रहने और बचत की प्रवृत्ति पर ध्यान न देने की यही प्रवृत्ति 'लाइफस्टाइल क्रीप' या 'लाइफस्टाइल इन्फ्लेशन' कहलाती है।



**क्यों होता है लाइफस्टाइल इन्फ्लेशन:** बढ़ती आकांक्षाओं और सोशल स्टेटस को ऊंचा रखने के फिराक में अकसर युवा लाइफस्टाइल इन्फ्लेशन का शिकार हो जाते हैं। कॉर्पोरेट कंपनियां, बड़े ब्रांड, सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर, विज्ञापनों का मायाजाल और साथ ही दिखावे की संस्कृति ने मिलकर हमें खुद के वश में ना रहने देने के लिए मानो बीड़ा उठा रखा है। ऐसे में जो व्यक्ति योजना बनाकर नहीं चलता, अपने वास्तविक लक्ष्यों के प्रति समर्पित नहीं रहता, वह आसानी से इनके झांसे में आ जाता है।

**पीयर प्रेशर भी है वजह:** न्यू एज के लोग पीयर प्रेशर के कारण भी बेतहाशा खरीदारी करते हैं। ब्यूटी, फिटनेस, वेलनेस को बढ़ा-चढ़ा कर पेश करने वाली सोशल मीडिया रील्स और अन्य कंटेंट्स नई पीढ़ी को साज-सज्जा और फिटनेस पर जरूरत से ज्यादा महंगे प्रोडक्ट्स खरीदने को उकसाते हैं। तमाम सुविधाओं वाली सोसायटीज या कॉम्प्लेक्स में महंगे फ्लैट्स खरीदना, जिनकी कीमत आसमान छू रही है, महंगी कारें, ब्रांडेड कपड़े, जूते, चश्मा, मोबाइल आदि खरीदना और इन्हें बार-बार बदलना पॉकेट पर भारी पड़ता चला जाता है। नतीजतन कई बार युवा अवसाद और तनाव में घिर जाते हैं।



**कैसे करें कंट्रोल:** अपनी जीवनशैली में कुछ आदतों को छोड़कर और कुछ आदतें अपनाकर आप लाइफस्टाइल इन्फ्लेशन जैसी सिचुएशन से बचे रह सकते हैं। गैरजरूरी खर्च पर आपका नियंत्रण बेहद जरूरी है। खर्च नियंत्रित करने और बचत करने के लिए कुछ उपाय-

- हर महीने का बजट तय करें और रेंट, ग्रॉसरी, यातायात, मेडिसिन आदि के खर्चों को प्राथमिकता देते हुए अनावश्यक खर्चों पर पूरी तरह नियंत्रण रखें।
- अपनी वित्तीय स्थिरता और सुरक्षित सेवानिवृत्त जीवन की प्लानिंग अभी से करें।
- हर माह निवेश और बचत के पैसे अलग रखें।
- बोनस या एक्स्ट्रा इनकम को अपने बड़े वित्तीय लक्ष्य के लिए इकट्ठा करें।
- ज्यादा शॉपिंग एप्स मोबाइल में ना रखें। सिर्फ ग्रॉसरी और मेडिसिन के एक-दो जरूरी और उपयोगी एप्स पर्याप्त हैं। ❋

---

पिछली सदी के साठ-सत्तर के दशक में बॉलीवुड में म्यूजिक का गोल्डेन इरा रचने वाले संगीतकारों में ओ.पी. नैय्यर का नाम भी शामिल है। सैकड़ों बेमिसाल धुनों के सर्जक ओ.पी. नैय्यर की पर्सनल-प्रोफेशनल लाइफ बहुत उतार-चढ़ावों से भरी थी। इस पर एक नजर।

## यादगार धुनों के रचनाकार
# बेमिसाल संगीतकार ओ.पी. नैय्यर

हिंदी फिल्म संगीत की दुनिया में ओ.पी. नैय्यर के नाम से मशहूर, ओमकार प्रसाद नैय्यर का जन्म 16 जनवरी 1926 को लाहौर में हुआ था। उन्होंने संगीत की कोई औपचारिक ट्रेनिंग नहीं ली थी, बावजूद इसके संगीत की अपनी एक विशिष्ट शैली विकसित की। उनके संगीत से सजे गाने आज भी खूब सुने जाते हैं। हिंदी गानों में पंजाबी रिद्म को लाने का श्रेय ओ.पी. नैय्यर को ही जाता है। ओ.पी. नैय्यर के ड्रेसअप की एक खास स्टाइल थी, वे हमेशा व्हाइट ड्रेस और हैट के साथ सार्वजनिक स्थलों पर नजर आते थे।

**लता मंगेशकर से नहीं गवाया गाना:** उन दिनों हर संगीतकार अपनी फिल्म में कम से कम एक गीत लता मंगेशकर की आवाज में जरूर रखना चाहता था। लेकिन ओ.पी. नैय्यर इस मामले में अपवाद थे। उन्होंने अपने संगीत-निर्देशन में लता मंगेशकर से कभी कोई गाना नहीं गवाया। नैय्यर साहब के मन में लता मंगेशकर के प्रति कितनी कड़वाहट थी, इसका अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा लता मंगेशकर के नाम पर दिया जाने वाला पुरस्कार लेने से भी उन्होंने इंकार कर दिया था। दोनों के बीच कड़वाहट से संगीत की दुनिया बेहतरीन धुन और नायाब आवाज के संगम से बन सकने वाले सदाबहार नगमों से वंचित रही।

**आशा भोसले से गवाए कई गाने:** ओ.पी. नैय्यर जहां एक ओर लता मंगेशकर से एक भी गीत नहीं गवाने के अपने प्रण पर ताउम्र अटल रहे, वहीं दूसरी तरफ उन्होंने लता की ही बहन आशा भोसले की आवाज में सैकड़ों सदाबहार गीत रिकॉर्ड कराए। आशा भोसले के साथ ओ.पी. नैय्यर ने लंबे समय तक काम किया और कई यादगार गाने रचे। उस समय तक अपनी बड़ी बहन लता के साए में रह रहीं आशा को नैय्यर ने यह विश्वास दिलाया कि संगीत की दुनिया में अपना अलग रास्ता, अलग मुकाम वह स्वयं बना सकती हैं। ओ.पी. नैय्यर के मार्गदर्शन में आशा भोसले ने अपनी अलग और आकर्षक गायन शैली विकसित की। उन्होंने न सिर्फ कैबरे-शैली गायन में महारत हासिल की बल्कि उसमें प्रेम का भाव भी वह लेकर आईं। नैय्यर के संगीत निर्देशन में उन्होंने मोहम्मद रफी के साथ जो युगल गीत गाए, वे सभी अपने समय में चार्टबस्टर थे और आज भी लोकप्रिय हैं। 'कश्मीर की कली', 'तुम सा नहीं देखा' जैसी फिल्मों के गीत तो आज तक लोगों की जुबान पर हैं। 'नया दौर' का युगल गीत 'उड़े जब-जब जुल्फें तेरी' को कौन भूल सकता है, जिसमें ओ.पी. नैय्यर के म्यूजिक डायरेक्शन में मोहम्मद रफी-आशा भोसले ने कमाल का गाना रचा था।



फिल्म 'कश्मीर की कली' में नैय्यर ने रची यादगार धुनें



'नया दौर' के गीतों को सुरों में सजाया ओ.पी. नैय्यर ने

**आशा भोसले से भी हो गई दूरी:** एक समय तक जबर्दस्त हिट रही आशा भोसले और ओ.पी. नैय्यर की संगीतमय जोड़ी का अंत भी कड़वाहट भरा हुआ। उन दोनों की पहली मुलाकात 1952 में 'छम छमा छम' गीत की रिकॉर्डिंग पर हुई थी। लेकिन लंबे प्रोफेशनल साथ के बावजूद 1972 में वे कड़वे अनुभव के साथ एक-दूसरे से अलग हो गए और फिर दोनों ने कभी भी साथ काम नहीं किया। दोनों का साथ अंतिम गीत 'चैन से हमको कभी आप ने जीने न दिया' था। इस गीत के लिए आशा भोसले को 1974 में सर्वश्रेष्ठ गायिका का फिल्मफेयर अवार्ड मिला था। नैय्यर ने आशा की तरफ से यह अवार्ड स्वीकार किया। लेकिन ऐसा कहते हैं कि उसे बाद में आशा भोसले को देने की बजाय रास्ते में ही फेंक दिया था। फिल्मी गलियारों में उस दौर में यह चर्चा थी कि भावनात्मक रिश्तों की वजह से नैय्यर और आशा के बीच दूरियां बढ़ गई थीं।



**पर्सनल लाइफ में रहे कई उतार-चढ़ाव:** ओ.पी. नैय्यर पहले लाहौर (देश विभाजन से पहले) रेडियो स्टेशन में गायक हुआ करते थे। उन्हीं दिनों उनकी मुलाकात सरोज मोहिनी से हुई, जो एक स्टेज डांसर थीं। सरोज ने ही 'प्रीतम आन मिलो' गीत के बोल लिखे थे, जिसे सुरों में सजाया था ओ.पी. नैय्यर ने। बाद में नैय्यर ने सरोज से शादी कर ली थी। दोनों के तीन बेटियां सोनिया, अन्नपूर्णा, लक्ष्मी और एक बेटा आशीष हुए। लेकिन वर्ष 1979 में ओ.पी. नैय्यर अपने परिवार के चर्चगेट (मुंबई) स्थित मकान से अलग हो गए। 1989 से विरार में गायिका माधुरी जोगलेकर के साथ रहने लगे। कुछ समय बाद उनका माधुरी से भी अलगाव हो गया और वे ठाणे में रानी नखवा व उनके परिवार के साथ पेइंग गेस्ट के रूप में रहने लगे। उन्होंने अपनी मैय्यत में अपने परिवार की शिरकत पर प्रतिबंध लगा दिया था। दिल का दौरा पड़ने से 28 जनवरी 2007 को इस सदाबहार संगीतकार का निधन हो गया।

ओ.पी. नैय्यर की पर्सनल-प्रोफेशनल लाइफ चाहे जैसी भी रही हो, इसमें कोई दो राय नहीं कि वह यादगार नगमे देने वाले महान संगीतकार थे। भारत सरकार ने उनकी स्मृति में 3 मई 2013 को एक डाक टिकट जारी किया। ❋

### लता मंगेशकर से कड़वाहट की वजह



**एक स्वतंत्र** संगीतकार के रूप में ओ.पी. नैय्यर की पहली फिल्म 'आसमान' थी। इस फिल्म में लता मंगेशकर को गाने के लिए अनुबंधित किया गया था। कहते हैं कि नैय्यर और उनके बैकग्राउंड साजिंदे रिकॉर्डिंग करने के लिए घंटों तक लता मंगेशकर की प्रतीक्षा करते रहे, लेकिन वह नहीं आईं। इससे नाराज होकर ओ.पी. नैय्यर ने कसम खाई कि उनके संगीत निर्देशन में लता कभी गाना नहीं गाएंगी। हालांकि लता मंगेशकर ने दावा किया था कि वह नैय्यर के स्टूडियो इसलिए नहीं पहुंच पाईं क्योंकि वह एक अन्य रिकॉर्डिंग में व्यस्त हो गई थीं। 1950 के दशक की शुरुआत में हुई इस घटना के कारण दो महान संगीत रत्नों के बीच जो गलतफहमी उत्पन्न हुई, वह कभी खत्म न हो सकी।

# डॉ. एसएस टांटिया मूटकोर्ट प्रतियोगिता में अमृतसर की गुरुनानक देव यूनिवर्सिटी विजयी

## फाइनल में मोहाली के आर्मी इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ से जिरह में मारी बाजी

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** टांटिया यूनिवर्सिटी के विधि संकाय की ओर से हुई प्रथम डॉ. एसएस टांटिया मूटकोर्ट प्रतियोगिता में अमृतसर की गुरुनानक देव यूनिवर्सिटी की टीम ने बाजी मारी है। उन्होंने फाइनल मूटकोर्ट में आए युवती पर एसिड फेंकने के एक मुकदमे में मोहाली के आर्मी इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ की टीम के सभी आरोपों पर जमकर जवाब दिए। गुरुनानक देव यूनिवर्सिटी की टीम ने अपने दावों को इतनी मजबूती से पेश किया कि आर्मी इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ की टीम अपने आरोपों को साबित नहीं कर पाई। गुरुनानक देव यूनिवर्सिटी की ओर से अनिरुद्ध अरो?ा, पलक चौप?ा एवं ममता पाल की टीम ने पैरवी की। उपविजेता रही मोहाली की टीम में तुषार शर्मा, सिमरन और अंकुश शामिल रहे।

इससे पहले जिरह में महाराष्ट्र के गोंडवाना की एसपी कॉलेज ऑफ लॉ, मेरठ के सरदार पटेल सुभारती इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ स्वामी विवेकानंद सुभारती यूनिवर्सिटी, हरियाणा के सिरसा स्थित चौधरी देवीलाल यूनिवर्सिटी, कर्नाटक के बैंगलुरु स्थित क्रिस्टू जयंती कॉलेज ऑफ लॉ, बीकानेर की आरएनबी ग्लोबल यूनिवर्सिटी, उत्तराखंड के देहरादून स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज (यूपीईएस) की टीमों को क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में हराकर अमृतसर और मोहाली की टीमें फाइनल तक पहुंची।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश विष्णुदत्त शर्मा थे। विशिष्ट अतिथि अलीग? मुस्लिम यूनिवर्सिटी के प्रो. (डॉ.) मोहम्मद तारीक और सर्वोच्च न्यायालय के एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड पुष्पेन्द्र सिंह नंदा थे। कार्यक्रम में टांटिया यूनिवर्सिटी के उपकुलपति प्रो. (डॉ.) एमएम सक्सेना भी मौजूद रहे।



फाइनल मुकाबले की सुनवाई मुख्य अतिथि शर्मा, विशिष्ट अतिथि डॉ. तारीक, पुष्पेंद्रसिंह नंदा, ग्रेटर नोयडा की बैनेट यूनिवर्सिटी के कमलदीपसिंह और मनदीपसिंह ने की।

**अतिथि बोले-युवा अधिवक्ताओं के हाथों में भविष्य सुरक्षित:** समापन समारोह में संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि शर्मा ने कहा कि भविष्य के इन युवा अधिवक्ताओं ने अपना पक्ष शांति और नम्रता के साथ रखा। इससे मुझे यह विश्वास हो गया कि न्याय जगत का भविष्य सुरक्षित हाथों में है। एक एडवोकेट दबे कुचले लोगों के अधिकारों का चैम्पियन होता है। ये युवा भविष्य के अच्छे एडवोकेट बनेंगे। इन युवाओं को न्यायिक सेवाओं की तैयारी करनी चाहिए। सफल हो या विफल दोनों ही स्थितियों में ज्ञानार्जन होगा।

विशिष्ट अतिथि डॉ. तारीक ने कहा कि ये मूट कोर्ट भी स्पोर्ट्स की तरह ही है और स्पोर्ट्स में हार और जीत होती ही है। हालांकि बहुत छोटे अंतर से भी हार या जीत हो जाती है। व्यक्ति को हमेशा मेहनत पर ध्यान देना चाहिए। पुष्पेंद्रसिंह नंदा ने कहा कि सभी टीमों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। यहां बेहतरीन प्रतिभा देखने को मिली। इनमें समर्पण और प्रतिभा है। इन विद्यार्थियों के शोध और तर्कों की स्पष्टता तथा आत्मविश्वास प्रभावित करने वाला है। ऐसे मूटकोर्ट आपको एक विशिष्ट प्लेटफार्म देते हैं, जहां आप अपनी आलोचनात्मक सोच और एडवोकेसी को आगे ब?ा सकते हैं।

इससे पहले मेजबान टांटिया यूनिवर्सिटी की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. नवनासिंह ने प्रतियोगिता की रिपोर्ट पेश की। डॉ. तरुण, डॉ.महक रानी और डॉ. संदीप कौर ने अतिथियों का परिचय दिया। विधि संकाय के डीन डॉ. सौरभ गर्ग ने समापन संबोधन में आयोजन में सभी के प्रयासों को सराहनीय बताया।

अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीमों को सम्मानित किया। असिस्टेंट प्रोफेसर राजेंद्रसिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। बेस्ट मूटर गुरुनानकदेव यूनिवर्सिटी के अनिरुद्ध अरोडा और बेस्ट रिसर्चर चंडीग? यूनिवर्सिटी के आदर्श कुशवाहा, बेस्ट मेमोरियल (अपीलेंट) आरएनबी ग्लोबल यूनिवर्सिटी के राधिका पाल, वामाक्षी पारीक व मानसी प्रजापत तथा बेस्ट मेमोरियल (रेस्पोंडेंट) गुरुनानक देव यूनिवर्सिटी के अनिरुद्ध अरो?ा, पलक चौप?ा एवं ममता पाल की टीम सहित कई अन्य पुरस्कार दिए गए। मंच संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर अनामिका खुराना ने किया।

### श्रीगंगानगर की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर बनाने का प्रयास

टांटिया यूनिवर्सिटी के वाइसचेयरमैन डॉ. मोहित टांटिया का कहना है कि यूनिवर्सिटी के सभी संकायों की तरफ से प्रयास रहता है कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं, संगोष्ठियां, सीएमई इत्यादि करवाई जाएं और उनमें देश के विभिन्न राज्यों से विशिष्टजनों को बुलाया जाए। इससे जहां हमारे विद्यार्थियों को लाभ होता है, वहीं सीमान्त क्षेत्र में बसे श्रीगंगानगर की देशभर में अलग पहचान बनती है। ये लोग यहां की गतिविधियों को देखकर जाते हैं तो ब? स्तर पर उनकी चर्चा होती है।



# संयुक्त महासंघ एकीकृत की प्रेस कॉफ्रेस आयोजित

## कार्यकारिणी का किया पुनर्गठन

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत की बैठक जयपुर में मानसरोवर में आयोजित की गई। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राणा द्वारा संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया जिसमें श्रीगंगानगर जिले से भूपेंद्र स्वामी को प्रदेश संयुक्त मंत्री का पदभार दिया गया। संगठन के अनुसार बैठक में प्रेस वार्ता भी रखी गई। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राणा द्वारा खेमराज कमेटी द्वारा दी गई रिपोर्ट पर असंतोष जाहिर किया गया तथा वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा बजट घोषणा में राज्य कर्मचारियों की मांगों को अनदेखा करना दुर्भाग्यपूर्ण बताया। राजेंद्र सिंह राणा ने कहा की सरकार से इस बजट में कर्मचारियों को एसीपी 9-18-27 के स्थान पर 8-16-24-32 किये जाने की संभावना थी, तथा कर्मचारी हित में अनेक ऐसे मुद्दे थे जिन पर सरकार द्वारा घोषणा किये जाने की संभावना थी लेकिन बजट में ऐसी कोई भी घोषणा नहीं की गई, जो कि निराशाजनक है। मांगो को लेकर संगठन द्वारा 17 मार्च 2025 से चरणबद्ध आंदोलन करने की रणनीति बनाई गई है। इस अवसर पर नव निर्वाचित पदाधिकारीगण का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में महासंघ प्रमुख महेंद्र सिंह, मुख्य संरक्षक सियाराम शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, नवीन कुमार, विपिन कुमार शर्मा सहित अनेक पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

# सुनील सर्वा बेस्ट एजुकेशन अवार्ड से सम्मानित

जनमार्ग न्यूज

**हिसार।** चिडौद गांव में स्थित कंप्यूटर सेंटर के डायरेक्टर सुनील सर्वा को कंप्यूटर शिक्षा में उत्कृष्ट कार्य करने पर रणबीर सिंह गंगवा कैबिनेट मंत्री हरियाणा सरकार के द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए बेस्ट एजुकेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रणबीर सिंह गंगवा ने कहां की आज का युग कंप्यूटर का युग है इसलिए हर बच्चा कंप्यूटर शिक्षा में महारत हासिल करें। सुनील सर्वा ने बताया कि यहां पर कंप्यूटर से संबंधित सभी कोर्स को आसान भाषा और योग्य अध्यापकों द्वारा शिक्षा प्रदान की जाती है और यह संस्थान पिछले कई वर्षों से कंप्यूटर शिक्षा के क्षेत्र में कई अवार्ड से सम्मानित हो चुका है इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, चेयरमैन सुरेश जांगड़ा जिला पार्षद प्रत्याशी नरेश निडोद राजेंद्र सर्वा आदि उपस्थित थे।

# महर्षि दयानंद जयंती समारोहपूर्वक मनाई

### स्वामी दयानंद सरस्वती ने सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन, शिक्षा के प्रसार और नारी उत्थान पर विशेष बल दिया

**श्रीगंगानगर( जनमार्ग न्यूज )।** आर्य समाज, श्रीगंगानगर तथा सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाएं महासंघ, श्रीगंगानगर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को महर्षि दयानंद जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। प्रधान रतन भटनागर ने बताया कि सर्वप्रथम प. नागेंद्र शास्त्री तथा विक्रांत शास्त्री के ब्रह्मत्व में वैदिक यज्ञ किया गया। स्त्री आर्य समाज आदर्श नगर की माताओं, बहनों ने भजनों की अनुपम प्रस्तुति दी। इस मौके पर श्रीमती लीलावती सिंधी ने आर्य समाज श्रीगंगानगर में गर्मियों में सुलभ शीतल जल हेतु एक वाटर कूलर लगाने की घोषणा की।

कार्यक्रम में शिक्षाविद् मनीराम सेतिया ने आर्य समाज द्वारा संचालित श्रद्धानंद वाचनालय को महापुरुषों की जीवनी पर आधारित पुस्तकें भेंट की तथा आर्य समाज द्वारा सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाएं महासंघ को सत्यार्थ प्रकाश ग्रंथ स्वाध्याय हेतु भेंट किया गया। पं. हर्षवर्धन शास्त्री ने महर्षि दयानंद की शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। मंच संचालन पं. नागेंद्र शास्त्री ने किया।



समारोह में पधारे सभी अतिथियों एवं आगंतुकों का प्रधान रतन भटनागर ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती ने भारतीय समाज को वेदों की ओर लौटने का संदेश दिया। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन, शिक्षा के प्रसार और नारी उत्थान पर विशेष बल दिया था। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं और हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करना चाहिए। स्वामी जी ने भारतीय समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने और सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। शिक्षाविद् मनीराम सेतिया ने स्वामी दयानंद सरस्वती जी के विचारों को आत्मसात कर समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर रवि वर्मा मंत्री, घनश्याम पाठक उप प्रधान, धर्मेन्द्र भाटिया कोषाध्यक्ष, राज सक्सेना उप मंत्री, आनंद धवन उप मंत्री, अजय चड्डा खेल प्रभारी, श्रीमती पुष्पा कालरा पूर्व प्रधाना, श्रीमती कल्पना वर्मा प्रधाना स्त्री आर्य समाज, रमेश सिंघल अध्यक्ष सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाएं महासंघ, श्रीमती संतोष धुन्ना, दीपक धमीजा, वेद सिराव, डॉ. ओपी गोयल, डॉ. अरविंद वर्मा, अशोकजी सहित आर्य समाज तथा सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाएं महासंघ सदस्यगण, श्रद्धालु माता-बहनें एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# टैक्स बार एसोसिएशन की चुनाव प्रक्रिया जारी

**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** टैक्स बार एसोसिएशन की चुनाव प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी है। चुनाव अधिकारी दीपक जैन एडवोकेट ने बताया कि घोषित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार वर्ष 2025-26 हेतु अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव तथा सहसचिव व कोषाध्यक्ष पद के लिए नामांकन फार्म प्राप्ति व भरने की तिथि 21 से 27 फरवरी तक समय प्रात 10 से सायं 4 बजे तक, नामांकन फार्म जांच 28 फरवरी को दोपहर 12 बजे तक तथा नामांकन फार्म वापसी तिथि 28 फरवरी को सायं 5 बजे तक निश्चित की गई है। चुनाव अधिकारी दीपक जैन एडवोकेट ने नवीनतम जानकारी देते हुए बताया कि टैक्स बार एसोसिएशन अध्यक्ष पद के लिए तरसेम चंद तायल एडवोकेट, उपाध्यक्ष पद के लिए संजय गोयल एडवोकेट, सचिव पद के लिए श्याम पुरोहित तथा सहसचिव व कोषाध्यक्ष पद के लिए सीए कार्तिक गुप्ता द्वारा नामांकन दाखिल किया गया है।

# रॉकविल कान्वेट स्कूल मे विज्ञान प्रदर्शनी अविष्कार संपन्न

**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** आनंद विहार स्थित रॉकविल कान्वेंट स्कूल में आयोजित अविष्कार विज्ञान प्रदर्शनी पूर्ण रूप से सफल रही। यह प्रदर्शनी विद्यालय के प्रधानाध्यापिका वर्षा शर्मा के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आयोजित की गई, जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षकों के अथक परिश्रम, समर्पण और सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने नवाचार और रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे समग्र शिक्षा (समसा) के अति निदेशक अमरजीत सिंह लहर, सामाजिक कार्यकर्ता एडवोकेट सुमेश शर्मा उपस्थित रहे। स्वागतकर्त्ता स्कूल निदेशक वर्षा शर्मा, स्कूल से जुड़े आलोक शर्मा, अनू शर्मा उपस्थित रही।अतिथियों द्वारा छात्रों द्वारा प्रस्तुत प्रोजेक्ट्स का अवलोकन किया और उनकी सृजनात्मकता एवं मेहनत की उत्कृष्ट प्रशंसा की। अतिथियों ने कहा कि ऐसी शैक्षिक गतिविधियाँ बच्चों के बौद्धिक विकास में सहायक होती हैं और उनकी शोधपरक दृष्टि को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।



उक्त कार्यक्रम में बच्चों के माता-पिता एवं अन्य आमजन को भी आमंत्रित किया गया, जिन्होंने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों को सराहा और विद्यालय द्वारा आयोजित इस ज्ञानवर्धक कार्यक्रम की प्रशंसा की। अभिभावकों ने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनियों से बच्चों में नवाचार एवं तार्किक सोच को बढ़ावा मिलता है।

प्रधानाध्यापिका चेयरपर्सन वर्षा शर्मा ने सभी छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं आगंतुकों को उनके समर्थन और योगदान के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी छात्रों के भीतर वैज्ञानिक सोच, तार्किक विश्लेषण और सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूकता को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विद्यालय परिवार ने इस सफल आयोजन के लिए सभी सहभागियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इसी प्रकार के ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# 6 .20 ग्राम अवैध मादक पदार्थ हेरोइन (चिटा) बरामद

**चूनावढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** थाना एसएचओ मलकीत सिंह ने 6.20 ग्राम अवैध मादक पदार्थ हेरोइन (चिटा) के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी अनुसार एसएचओ मलकीत सिंह थाना स्टाफ गश्त के दौरान रोही 10 एल एल से आरोपी सोनू मिश्रा 34 साल पुत्र विमल निवासी मकान नम्बर 237 लालचंद की ढाणी नजदीक बसंती चौक श्रीगंगानगर पुलिस थाना कोतवाली श्रीगंगानगर के कब्जा से 6.20 ग्राम अवैध मादक पदार्थ हैरोईन चिट्टा बरामद कर गिरफ्तार किया है, मामला दर्ज कर जांच मटीलीराठान थाना के एसआई सुभाष बिश्नोई को सौंपी गई है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत 8 पीएसडी-बी, पं. स. घड़साना (श्रीगंगानगर)

**क्रमांक:- 432** **दिनांक:- 22.02.2025**

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय ग्राम पंचायत 8 पीएसडी- बी में श्रीमती कलावती देवी पत्नी श्रवण कुमार जाति जाट साकिन 3 के एनडी- ए ने आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है कि ग्रा.पं. 8 पीएसडी-बी द्वारा संकल्प सं.08 बैठक दिनांक 05.09.2014 द्वारा आवासीय भूमि का पुस्तक सं. 40 पट्टा सं. 19 क्षैत्रफल 660 वर्गफुट (61.316 वर्ग मीटर) का जारी किया हुआ है। विक्रय विलेख (पट्टा) में अंकित उत्तर में खानूवाली रोड़, दक्षिण में छोटु खां, पूर्व में किशनलाल व पश्चिम में आशारानी स्थित है। राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 173 'क' के तहत प्रार्थीया उक्त पट्टे की भूमि उपयोग को आवासीय से वाणिज्यीक में संपरिवर्तन करवाना चाहती है। अत: उपरोक्त के संबंध में किसी नागरिक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो 30 दिवस में इस कार्यालय में मय सबूत प्रस्तुत कर सकते हैं अन्यथा ग्राम पंचायत द्वारा भमि उपयोग में परिवर्तन नियमानुसार कर दिया जावेगा तथा बाद मियाद गुजरने किसी भी दावे/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**( तायरा बानो )**
**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्रा.पं. 8 पीएसडी- बी**

**( गंगाबिश्न पूनियां )**
**सरपंच**
**ग्रा.पं. 8 पीएसडी- बी**


# बैठक आयोजित

**हनुमानगढ़।** राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामबहादुर के निर्देशानुसार पुलिस सहायता संगठन जिला कार्यकारणी की बैठक रविवार को टाउन स्थित जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष लखवीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें नए सदस्यों के सदस्यता फॉर्म भरवाये गए। तथा 02 मार्च को नवनियुक्त कार्यकारिणी को नियुक्ति पत्र, आईडी कार्ड वितरण एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही शहर एवं गांव में ब?ते नशे एवं साइबर क्राइम के खिलाफ रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाकर स्कूलों में जाकर बच्चों को जागरूक करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष लखवीर सिंह सवना, एडवोकेट संजय सांखला, विनोद परिहार, नितिन बजाज, कोषाध्यक्ष गुरप्रीत चावला, पवन मौर्य, प्रमोद तिवा?ी, लियाकत खान, राजू खान, विशाल अरो?ा, इशांत सेठी, अरुण बंसल, अतुल बाघला, नासिर हुसैन, दीपक नागपाल, मनीष धारीवाल, गजेंद्र छिम्पा, विकास जोतवानी, लखवीर वर्दी, आशीष बजाज, प्रदीप मुंजाल, वकील चंद, गुरचरण, श्रवण कुमार आदि मौजूद थे।

# प्रकृति की शुद्धता व मानवता के उत्थान की ओर निरंकारी मिशन का एक और स्वर्णिम कदम

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** परम वंदनीय सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं सत्कार योग्य आदरणीय निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन आशीर्वाद से 23 फरवरी, 2025 की स्वर्णिम प्रभात एक नवीन जागृति एवं सेवा के दिव्य प्रकाश का संदेश लेकर आई, जिसके अंतर्गत 'अमृत प्रोजेक्ट' के 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' के तीसरे चरण का आयोजन विश्वभर में हुआ और उसी के साथ दिल्ली के ग्राउंड नं. 8 में एक विशाल सत्संग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। संत निरंकारी मंडल के सचिव एवं समाज कल्याण प्रभारी श्री जोगिंदर सुखीजा ने जानकारी देते हुए बताया कि देशभर में आयोजित हुई 'अमृत प्रोजेक्ट' परियोजना के दौरान सभी सुरक्षा मानकों का पूर्ण रूप से पालन किया गया। युवाओं की विशेष भागीदारी इस अभियान का प्रमुख आधार रही। उन्होंने यह भी सूचित किया कि यह मुहिम केवल एक दिन की नहीं, अपितु हर माह विभिन्न घाटों व जल स्त्रोतों की स्वच्छता के लिए निरंतर जारी रहेगी।

संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा, संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वाधान में, पूज्य बाबा हरदेव सिंह जी की अनंत शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हुए इस पवित्र अभियान का आयोजन किया गया। इस वर्ष भी पूर्व की भांति ही 'आओ संवारें, यमुना किनारे' का उद्घोष करते हुए इस प्रयास को और व्यापक स्वरूप दिया गया। 27 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के 1650 से अधिक स्थानों पर, 10 लाख से भी अधिक सेवाभाव से ओत-प्रोत स्वयंसेवक भक्तों ने एक साथ इस पुनीत अभियान को साकार किया। यह दृश्य केवल प्राकृतिक स्वच्छता तक सीमित न रहकर, अंतर्मन को निर्मल और पवित्र करने की एक आध्यात्मिक यात्रा का सुंदर प्रतीक बन गया। प्रत्येक श्रद्धालु की समर्पित उपस्थिति इस बात का प्रमाण थी कि जब प्रेम, सेवा और समरसता का दिव्य संगम होता है, तब प्रकृति भी नवजीवन का अनुभव करती है। सतगुरु माताजी ने जल की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए समझाया कि पानी अमृत समान है, जिसे प्रकृति ने हमें जीवन के लिए सबसे महत्वपूर्ण उपहार के रूप में प्रदान किया है। इसकी स्वच्छता और संरक्षण केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हमारी स्वाभाविक आदत होनी चाहिए। हम अक्सर अनजाने में अपशिष्ट और गंदगी को जल स्त्रोतों या अन्य स्थानों पर डालकर प्रदूषण को बढ़ावा देते हैं, जिससे पर्यावरण को हानि होती है। इसी चिंतन से प्रेरित होकर, 'प्रोजेक्ट अमृत' जैसी सामाजिक पहल की शुरुआत की गई है, जो जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। बाबा हरदेव सिंह जी के जन्मदिवस को समर्पित इस पुनीत सेवा अभियान में हर संत को जल संरक्षण की दिशा में योगदान देने का अवसर मिला। यह पहल न केवल घाटों और जलस्त्रोतों की स्वच्छता पर केंद्रित थी, बल्कि घरों में छोटी-छोटी आदतों के माध्यम से जल बचत को भी प्रोत्साहित करती है, जिससे जल का सम्मान हो और यह अमूल्य संसाधन आने वाली पीढि?ों के लिए संरक्षित रह सके। पर्यावरण सुरक्षा के अंतर्गत जल संरक्षण में अपनी सकारात्मक सक्रिय भूमिका निभाने हेतु ग्लोबल एनर्जी एंड एनवायरनमेंट फाउंडेशन (जीईईएफ) ने संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन (एसएनसीएफ) को प्रतिष्ठित वाटर कंजर्वेशन इनिशिएटिव एनजीओ ऑफ द ईयर-2025 पुरस्कार से सम्मानित किया। यह गौरवपूर्ण सम्मान संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन (एसएनसीएफ) के प्रोजेक्ट अमृत - स्वच्छ जल, स्वच्छ मन और इसकी विविध जल संरक्षण एवं स्वच्छता पहलों के प्रति अथक समर्पण का प्रतीक है। निसंदेह जल संसाधनों की शुद्धता और सतत संरक्षण में संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन (एसएनसीएफ) द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रयास समाज को स्वच्छ, स्वस्थ और समृद्ध भविष्य की ओर अग्रसर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।



# ऐतिहासिक निशान यात्रा निकाली

जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** श्री श्याम सखा मंडल श्री श्याम सखा महिला मंडल की तरफ से आयोजित 21 दिवसीय श्री श्याम सतरंगी फाग महोत्सव के उपलक्ष में ऐतिहासिक निशान यात्रा निकाली गई। समाजसेवी पूनम चंद सत्यनारायण तावणिया के निवास पर मंत्र उच्चारण के साथ विधिवत पूजा अर्चना की गई। मुख्य यजमान सत्यनारायण श्रीमती बिरमा देवी तावणिया ने विधिवत पूजन करके श्री श्याम बाबा की ज्योत प्रज्वलित कर आरती करवाई। इस अवसर पर मुख्य आसमान सत्यनारायण तावणिया, पूनम चंद तावनिया, भाजपा युवा नेता संदीप कासनिया, संरक्षक पूर्व विधायक अशोक नागपाल, संरक्षक राजाराम बिनावरा, संरक्षक विजय मुदगल उर्फ लड्डू पंडित, अध्यक्ष सोनू बवेजा, प्रभारी अशोक भार्गव, स्वाध्यक्ष धीरज अग्रवाल, व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष ललित सिडाना, पूर्व पालिका अध्यक्ष परसराम भाटिया, युवा नेता योगेश मेघवाल, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष सीताराम प्रजापत, इंजीनियर रमेश चंद्र माथुर, इंजीनियर अशोक आसेरी, विविधता संस्था के अध्यक्ष योगेश स्वामी, किशन लाल स्वामी, चिंतपूर्णी महाकाली मंदिर के प्रधान मनोहर लाल कवातड़ा, श्री समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष भंवरलाल चांडक, स्वर्णकार समाज के सुभाष सोनी, भरत पुरोहित ने श्री श्याम ध्वजा लहराकर निशान यात्रा को रवाना किया।

निशांत यात्रा में सैंकड़ों हाथों में निशान, जुबां पर हारे के सहारे व जय श्री श्याम के जयकारे, बैंड बाजे की स्वर लहरियां, ढोल-नगाड़ों, श्याम बाबा के डीजे पर बजते भजनों के साथ झूमते महिला-पुरुष, श्याम बाबा के रथ को खींचने की होड़, लगातार इत्र व पुष्प वर्षा, पावन



ज्योत और घोड़ों पर सजी झांकियों के साथ शुक्रवार को जब श्री श्याम सतरंगी फाग महोत्सव के तहत निशान यात्रा निकली, तो शहर श्याम रंग में रंगा नजर आया। इस दौरान 1111 से ज्यादा महिला-पुरुष निशान (ध्वज) लेकर जयघोष लगाते हुए चल रहे थे। सबसे आगे बाबा की पावन ज्योत, इसके बाद घोड़ों पर सजी-धजी बालिकाएं चल रही थी। पुष्प व इत्र से पूरा बाजार महक गया। इसके अलावा आतिशबाजी भी लगातार करने के साथ अबीर-गुलाल जमकर उड़ाई गई। शुभम डांस एकेडमी का डांडिया नृत्य भी छाया रहा। दिल्ली से मंगवाएं पुष्पों से श्याम बाबा का मनमोहक श्रृंगार व रथ आकर्षण का केंद्र रहा। इस रथ को श्याम प्रेमी नंगे पांव करीब तीन किमी खींच कर ले गए। इसके साथ झूले पर सजे बाबा श्याम जी भी आकर्षण का केंद्र रहे। राधा-कृष्ण, हनुमानजी आदि की झांकियां भी सजाई गई। शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई निशान यात्रा सैनी मोहल्ला स्थित श्री श्याम मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। जहां पुजारी पं. देवीलाल शर्मा के सानिध्य में महाआरती कर रंगीन आतिशबाजी की गई।

साथ ही ड्रा से 111 भाग्यशाली श्याम भक्तों को आकर्षक पुरस्कार दिए गए। समापन अवसर पर मंडल के संरक्षक प्रवीण छाबड़ा, जगदीश प्रसाद, विकास चौधरी अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। संस्था के पदाधिकारी ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मंडल की तरफ से श्री श्याम बाबा की प्रतिमा पर सवामणी का भोग लगाकर यात्रा के दौरान प्रसाद वितरित किया गया। सभी भक्तजनों के लिए भंडारे की व्यवस्था भी की गई।

इससे पहले रात्रि को श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम चालीसा का संगीतमय पाठ व कीर्तन किया गया। मंदिर के पुजारी पं. देवीलाल शर्मा ने विधिवत पूजा अर्चना के साथ ज्योत प्रज्वलित कर आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंडल के गायक अशोक भार्गव ने श्री श्याम चालीसा का संगीतमय पाठ किया। इस अवसर पर मंडल से जुड़े भजन गायक मनीषा स्वामी, दिनेश सागर, हर्ष सहित कलाकारों ने श्री श्याम बाबा के भजनों की प्रस्तुतियों पर श्याम भक्तों को झूमने पर विवश कर दिया। मंडल के अध्यक्ष सोनू बवेजा, उपाध्यक्ष रजनी मोदी, अंकुर लड़ोईया, कोषाध्यक्ष धीरज अग्रवाल, प्रभारी अशोक भार्गव, प्रवक्ता राजेश चराया, सुभाष सोनी, भरत राजपुरोहित, हिमांशु नागपाल, जोनी नागपाल, सोनू नरूला बंसी छाबडा, मोक्ष मिड्ढा, पवन दरासरी, इंद्रजीत स्वामी, नरेश नागपाल, मनोज गुप्ता, मोहित भोजक, किरण भुवांल, कमला सोनी, सुजाता बवेजा, रेखा सारड़ा, सीना नागपाल, रीटा बाघला, रेणू डोडा, कमलप्रीत कौर, निकिता चराया आदि ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया। श्री श्याम बाबा की निशान यात्रा का शहर में जगह-जगह गर्मजोशी से स्वागत किया गया। शहर के हर चौक चौराहे पर धर्म प्रेमी लोगों व संस्थाओं ने पुष्प वर्षा करने के साथ अल्पाहार की सेवाएं दी। तहसील चौक पर समाजसेवी पवन तावणिय, दीपू निराणिया, योगेश स्वामी, किशन स्वामी,कुम्हार समाज व कांग्रेस कमेटी की तरफ से कुमार समाज समिति के अध्यक्ष नत्थूराम कलवासिया, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष परसराम भाटिया, ओमप्रकाश गेदर, कांग्रेस जिला महामंत्री जेपी गिला, जगदीश बिश्नोई, युवा नेता योगेश मेघवाल, अमर सिंह राठौड़ सहित कुम्हार समाज के लोगों ने पुष्प वर्षा की। राजकुमार दीपक गर्ग की तरफ से जलजीरा, दरासरी परिवार की तरफ से जलजीरा, मनीष कवातड़ा ने कचोरी का प्रसाद वितरण किया, मनीष जनवेजा, सुभाष चौक पर कुछ दुकानदारों की तरफ से पानी, अंबे साइकिल ने कचौरी, अनमोल सेवा समिति ने जलजीरा, महाराणा प्रताप चौक पर पूर्व पालिकाध्यक्ष काजल छाबड़ा, पूर्व पार्षद सुनील छाबड़ा, प्रवीण छाबड़ा, अनिल छाबड़ा परिवार की तरफ से कड़ी कचोरी का प्रसाद वितरण किया गया।

## पैड़ां पंजाबी मैगज़ीन राजस्थान को पंजाब में मिला सम्मान



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** पंजाब के आनंदपुर साहिब में जगत पंजाबी सभा कनाडा द्वारा पंजाबी साहित्य जगत एवं प्रेरणास्पद कार्य करने वाले नायकों के सम्मान के लिए विरासत-ऐ-खालसा आडिटोरियम में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जगत पंजाबी सभा कनाडा के चेयरमैन अजायब सिंह चठ्ठा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इस समारोह में मुख्य अतिथि सरदार कुलतार सिंह संधवा स्पीकर पंजाब विधानसभा रहे। विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियों के लिए राज्यसभा सांसद संत बलवीर सिंह सीचेवाल,पदमसेवा सिंघ पदम जगजीत सिंघ दरदी, साहित्य अकादमी चंडीगढ की अध्यक्ष डा सर्वजीत सोहल के साथ-साथ राजस्थान से छपनेवाली पहली व एकमात्र पंजाबी साहित्यिक मैगज़ीन पैड़ां को भी पंजाबी साहित्य को राजस्थान में प्रफुल्लित करने, साहित्यिक गतिविधियों को संचालित करने के लिए इस मैगज़ीन के संपादक राजेंद्र सिंघ सहू को पंजाब विधानसभा स्पीकर स.कुलतार सिंघ संधवां, संत बलवीर सिंघ सीचेवाल,अजैब सिंघ चठ्ठा द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पैड़ां मैगजीन के उज्वल भविष्य की कामना की गई। ध्यात्व्य है कि पैड़ां मैगजीन संपादक राजेंद्र सिंघ सहू व सह संपादक डा.कुलदीप सिंघ द्वारा राजस्थान में पंजाबी साहित्य को प्रोत्साहित करने के लिए तीन वर्षो से पब्लिश की जा रही है एवं साथ ही राजस्थान में कवि दरबार, सैमीनार,वेबीनार व विभिन्न साहित्यिक गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।

## साप्ताहिक भागवत कथा का समापन

### हवन यज्ञ में दंमपतियों द्वारा पूर्ण आहुतियां दी गई

जनमार्ग न्यूज

**चूनावढ।** कस्बे के शनि मंदिर प्रांगण में रविवार को साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा का पंडित ताराचंद शास्त्री कथावाचक ने अंतिम अध्याय को संपूर्ण कर कथा का समापन किया गया इस दौरान पंडित इंद्रजीत शर्मा ने दमपत्ति जोड़े राजेंद्र घणघस महेश चाहर, मदन धतरवाल, इंद्राज धतरवाल, राजेश चुघ, दयाराम घणघस,काशीराम चाहर विष्मजीत आदि जोड़ों को हवन यज्ञ में आहुतियां दी गई इस दौरान भजन कीर्तन के माध्यम से भजन ओढ़ चुनर मैं तो गई सत्संग में-----



सुना कर संगत को निहाल किया इसके बाद ठाकुर जी की आरती कर संगत में प्रसाद वितरण किया गया आरती में शामिल सेवादार मदन लाल चाहर श्याम लाल ,राधेश्याम सहारन,मनीराम पचार भैरा राम पचार, श्याम लाल गुबर ,मोहनलाल धतरवाल, विश्वजीत, कृष्ण खुराना सहित अन्य सेवादार उपस्थित थे।

## खाद्य सुरक्षा योजना से लाभान्वित करने के लिए पात्र कामगारों को प्रमाण-पत्र जारी

### भारतीय मजदूर संघ का शिक्षमंडल खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री व जिला प्रभारी मंत्री सुमित गोदारा से मिला

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** भारतीय मजदूर संघ, श्रीगंगानगर के शिष्टमंडल ने रविवार को राजस्थान सरकार के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री व जिला प्रभारी मंत्री सुमित गोदारा से मुलाकात की तथा कामगारों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जुड़वाने सम्बन्धी आ रही समस्याओं का निराकरण करके समस्त पात्र श्रमिकों को लाभान्वित करने की मांग की। जिला मंत्री राजीव वर्मा ने कहा कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 में पात्र व्यक्तियों की श्रेणी में घरेलू कामगार, कचरा बीनने वाले, स्ट्रीट वेंडर सहित विभिन्न श्रेणियों में कामगार आते हैं। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जुड़वाने के लिए कामगारों को नियमानुसार सम्बन्धित नगर निकाय/पुलिस थाना द्वारा प्रमाण-पत्र



जारी किया जाता है। लेकिन पुलिस थाना द्वारा इस सम्बन्ध में अनभिज्ञता जाहिर की जा रही है। जबकि खाद्य सुरक्षा पोर्टल काफी लम्बे समय बाद खुला है तथा प्रमाण-पत्र जारी नहीं होने से बड़ी संख्या में पात्र कामगार इस योजना से वंचित रह जाएंगे।भारतीय मजदूर संघ ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री व जिला प्रभारी मंत्री सुमित गोदारा से मांग की है कि प्रमाण-पत्र जारी होने में आ रही समस्याओं को मद्देनजर रखते हुए पात्र कामगारों को कामगार प्रमाण-पत्र ईश्रम कार्ड में कार्य के आधार पर जारी करने की व्यवस्था की जाए, ताकि समस्त पात्र कामगार इस योजना में अपना नाम जुड़वा सकें तथा सरकार की इस लोक कल्याणकारी योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष जीपी सिंह, संरक्षक श्रवण सिंह, जिला मंत्री राजीव वर्मा, कोषाध्यक्ष दयानंद वर्मा, उपाध्यक्ष मदन बरावड़ आदि भारतीय मजदूर संघ पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

## नव निर्वाचित भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ का किया स्वागत



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** क्षेत्र के युवा भाजपा नेता अमित कुमार खन्ना ने जयपुर पहुंचकर नव निर्वाचित भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन जी राठौड़ का बुक्का भेंट कर स्वागत किया।खन्ना ने बताया कि ये भाजपा परिवार के संस्कार है जो उच्च कोटि के जहा सर्वसम्मति प्रदेशाध्यक्ष का निर्वाचन हुआ वही मदन जी के नेतृत्व में प्रदेश के हर युवा में नई ऊर्जा का संचार होगा।खन्ना ने बताया कि मदन जी राठौड़ साहब शानदार व्यक्तित्व के धनी है और वहीं इनका शांत स्वभाव और कार्य करने की शैली राजस्थान के कार्यकर्ताओं के लिए एक मिशाल साबित हुआ है।खन्ना ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है जहां कब किस कार्यकर्ता को क्या मिल जाए ये सब भविष्य के गर्भ में है।खन्ना ने बताया कि मदन जी राठौड़ के नेतृत्व में सभी जिलों के संगठन का विस्तार होगा और संगठन की रीति नीति से प्रत्येक कार्यकर्ता नई ऊर्जा के साथ काम करेगा।खन्ना के साथ जयपुर छात्र नेता हिमांशु खन्ना मौजूद रहे।

## रामगढ़िया सिख समाज के महासम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

### 2 मार्च को अग्रसेन भवन में आयोजित होगा महासम्मेलन

जनमार्ग न्यूज

**पीलीबंगा।** विश्वकर्मा सेवा समिति द्वारा कस्बे के हनुमानगढ़-सूरतगढ़ फोरलेन मार्ग पर स्थित विश्वकर्मा मंदिर में रामगढ़िया समाज की बैठक आयोजित की गई।बैठक में 2 मार्च को होने वाले ऑल राजस्थान रामगढ़िया सिख समाज के महासम्मेलन की तैयारी को लेकर चर्चा हुई।बैठक की अध्यक्षता पालिकाध्यक्ष हरजिंद्र सिंह ने की।पालिकाध्यक्ष हरजिंद्र सिंह ने 2 मार्च को हनुमानगढ़ के अग्रसेन भवन में आयोजित होने वाले महासम्मेलन में अधिक से अधिक की संख्या में एकजुट होकर रामगढ़िया समाज महासम्मेलन को सफल बनाने की अपील की।ओर कहा कि यह महासम्मेलन रामगढ़िया समाज की एकता व अधिकार की दिशा तय करेगा।रामगढ़िया सिख ऑर्गेनाइजेशन ऑफ़ इंडिया के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष लखविंदर सिंह रामगढ़िया,हनुमानगढ़ जिला अध्यक्ष एडवोकेट जगतार सिंह चानी ने



महासम्मेलन को सफल बनाने एवं कार्यक्रम की रूपरेखा की तैयारी के बारे में विस्तृत जानकारी दी।रिटायर्ड एक्सईएन

आत्मा सिंह भमराह,गुरदेव सिंह रामगढ़िया,बलदेव सिंह रामगढ़िया,अध्यक्ष सिकंदर सिंह रामगढ़िया,प्रशन्न सिंह रामगढ़िया कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कई दिशा निर्देशों के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की ओर कहा कि इस सम्मेलन में समाज की प्रमुख हस्तियां शिरकत करेंगी।विश्वकर्मा सेवा समिति पीलीबंगा अध्यक्ष बंसत सिंह गहीर ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर कई सुझाव दिए गए।बैठक में पूर्व प्रधान बलतेज सिंह,दर्शन सिंह रमाणा,नाजर सिंह खालसा, बेअंत सिंह,इंद्र सिंह,मेजर सिंह, हरजिंदर सिंह,लखविंदर सिंह, प्रिंस सिंह,रणजीत सिंह,तोता सिंह,अमरजीत सिंह,बलदेव सिंह,राजेंद्र सिंह,संजू रामगढ़िया सहित समाज के काफी संख्या में लोग शामिल रहे।

## खत्री परिवार ने समिति को किया डेड बॉडी डीप फ्रीजर भेंट



**श्रीगंगानगर( जनमार्ग न्यूज )।** भूखे को रोटी और प्यासे को पानी व जरूरतमंद कन्याओं की शादी जैसे समाजसेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाने वाली सामाजिक संस्था शिव लंगर सीमिति को खत्री परिवार के मुखिया खुशहाल दास खत्री ने अपनी स्व. माता श्रीमती भोजा बाई पत्नी स्व. बूलचंद खत्री की याद में अपने परिवार के सदस्यों तुलसी राम खत्री, घनश्याम दास खत्री, ताराचंद खत्री, शैलेन्द्र खत्री, गोपी खत्री, नेमीचंद खत्री, चंद्रप्रकाश खत्री, सुभाष धींगड़ा व झूलेलाल मंदिर के अध्यक्ष रमेश मूलवानी की उपस्थिति में डेड बॉडी डीप फ्रीजर भेंट किया। शिव लंगर सीमिति अध्यक्ष अमरनाथ अरोड़ा उर्फ शप्पू ने बताया कि इस सेवा का लाभ अब ब्लॉक एरिया, विनोबा बस्ती व पुरानी आबादी निवासियों को मिल पाएगा। इस अवसर समिति मैनेजर पवन वर्मा, सदस्य ओम ग्रोवर, चतुर्भुज सिंधी, जगदीश शर्मा, विमल बतरा, मुकेश रबड़, शम्मी कपूर, दयाकिशन शर्मा व इन्द्र बराड़ उपस्थित थे।

## बैठक में सर्वसम्मति से अनेक प्रस्ताव पारित

### 9 मार्च को होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित होगा

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** सेवानिवृत राजपत्रित अधिकारी कल्याण समिति, श्रीगंगानगर की मासिक बैठक सुखाडिया पार्क स्थित समिति कार्यालय में अध्यक्ष अर्जुनदेव वधवा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सचिव हरपाल सिंह सिद्धू ने बताया कि ईश्वरीय वंदना से प्रारम्भ इस बैठक में समिति सदस्यों के हित में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में समिति के वरिष्ठ सदस्य स. बलजीत सिंह राणा व स. मलकीत सिंह समरा को 75 वर्ष की आयु सकुशल पूर्ण होने तथा आर.एस. आहूजा को 70 वर्ष सकुशल पूर्ण करने पर समिति द्वारा स्मृति चिन्ह भेंटकर तथा शॉल ओढ़ाकर एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। इसके साथ-साथ फरवरी माह में जन्मदिवस पर समिति सदस्य टी.के. सेतिया एवं श्रवण कुमार को उपहार प्रदान कर सम्मान किया गया। बलजीत सिंह राणा द्वारा अपने जन्मदिवस के उपलक्ष्य में समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई थी। इस मौके पर



वी.एस. नैन ने मधुर आवाज में गीतों की प्रस्तुति द्वारा सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जगमोहन परनामी तथा सुरेंद्र शर्मा का विशेष सहयोग रहा। अनिल नैन ने टाटा एआईए की वरिष्ठ नागरिकों के लिए इन्वेस्टमेंट योजना के बारे में जानकारी दी। बैठक में आगामी माह 9 मार्च, रविवार को होली पर्व स्नेह मिलन समारोह हर्षोल्लासपूर्वक आयोजित करने का निर्णय लिया गया तथा इस कार्यक्रम के लिए प्रभारी डॉ राजेन्द्र सारडीवाल, के.के. गांधी व डॉ. अशोक अरोड़ा को नियुक्त किया गया। इसके साथ-साथ सदस्यों के ज्ञानवर्धन व मनोरंजन के लिए समिति कार्यालय में एलईडी टीवी लगाने, प्रतिदिन नियमित 3-4 घंटे कार्यालय खोलकर पत्र-पत्रिकाएं पढ़ने की सुविधा प्रदान करने एवं इंडोर गेम्स की व्यवस्था करने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके अलावा समिति कार्यालय का विस्तार करने एवं गत दो वर्षों की गतिविधियों व सदस्यों के परिचय सहित विवरणिका मुद्रित कराने का प्रस्ताव भी ध्वनि मत से पारित किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए मनीराम सेतिया ने महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के विशेष रूप से मौजूद हिंदी प्रचार समिति अध्यक्ष जगीरचंद फरमा को उपहार प्रदान कर एवं फूलमालाएं पहनाकर अभिनंदन किया गया।

## जन्मदिन पर रक्तदान शिविर लगाया

जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** नशे के खिलाफ जन जागृति अभियान के तहत पंचायत समिति सदस्य युवा नेता इंजीनियर राहुल लेघा ने अपने जन्मदिन पर दारू बंद करके रक्तदान लगाया। मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष शरण पाल सिंह मान, जिला प्रमुख कविता रेगर, नगर अध्यक्ष गौरव बलाना, पूर्व प्रधान चंदूराम लेघा, विजयनगर नगर पालिका अध्यक्ष राजेंद्र लेघा, भाजपा के वरिष्ठ नेता उजागर सिंह, प्रियंका बेलान, जाट समाज के अध्यक्ष देशराज डूडी, बिश्नोई समाज के अध्यक्ष रामनाथ बिश्नोई, सिंधी समाज के दीपचंद सिंधी, जात क्लब के अध्यक्ष विनोद भांभू , ब्लोक शिक्षा अधिकारी नरेश रिणवा, बीजेपी एससी मोर्चा के प्रदेश नेता अशोक आसेरी, वाल्मीकि समाज के प्रदेश अध्यक्ष अमित कल्याण, राजेश भादू , शिक्षाविद सचिन जेतली ने रक्तदान शिविर का विधिवत शुभारंभ किया। जन्मदिन पर आयोजित रक्तदान शिविर में सूरतगढ़ के मैत्री



ब्लड सेंटर के डॉक्टर सुनील योगी, गंगानगर के जन सेवा ब्लड सेंटर व रुधिर चैरिटेबल ब्लड सेंटर एवं बीकानेर के संजीवनी ब्लड सेंटर की टीमों ने 1023 युनिट रक्त संग्रहण किया इसके अलावा जैतसर शहर और जैतसर ग्रामीण क्षेत्र में 102 यूनिट रक्त संग्रहण किया गया। पंचायत समिति सदस्य इंजीनियर राहुल लेघा ने कहा युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए जन सेवा प्रकल्प के तहत रक्तदान शिविर के आयोजन के अलावा बिश्नोई मंदिर में पौधारोपण करके पर्यावरण बचाए रखने के लिए अभियान शुरू किया गया। जन्मदिन के उपलक्ष में जन सेवा प्रकल्प के तहत गोवंश की सेवा के लिए गांव मालेर गौशाला में पानी का टैंकर भेंट किया गया। रक्तदान शिविर के आयोजन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया सूरतगढ़ सहित आसपास के गायकों ने प्रस्तुतियां दी। महावीर रायका ने कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए सभी शुभचिंतकों का आभार प्रकट किया।

# शिव लंगर समिति से कल निकलेगी भोले की अद्भुत बारात

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** नेहरू पार्क के नजदीक व प्राचीन शिवालय के सामने स्थित शिव लंगर समिति की ओर से महाशिवरात्रि पर्व पूरी श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया जाएगा। समिति अध्यक्ष अमरनाथ अरोड़ा %शप्पू% ने बताया कि महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में 25 मार्च मंगलवार को दोपहर एक बजे पदमपुर रोड स्थित भूतनाथ मंदिर से भगवान भोले की अद्भुत बारात निकाली जाएगी, जोकि शहर के विभिन्न मुख्य मार्गों से होते हुए शिव लंगर समिति प्रांगण पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि बारात में करीब 15 से अधिक झांकियां शामिल होंगी। उन्होंने बताया कि आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है, साथ ही महाशिवरात्रि पर्व को लेकर रंग-बिरंगी रोशनी से समिति परिसर की भव्य सजावट की गई है। महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में 26 मार्च, बुधवार सुबह 4 बजे से रात्रि बारह बजे तक श्रृद्धालु समिति परिसर में भोले बाबा के दर्शन कर सकेंगे। इस दौरान काजू, किशमिश, मिश्री सहित 10 क्विंटल स्वांक का भोग लगाकर भक्तों में प्रसाद वितरित किया जाएगा।

**शहर में भोले बाबा की बारात का ये रहेगा रूट**

समिति अध्यक्ष अमरनाथ अरोड़ा शप्पू ने बताया कि भोले बाबा की ये अद्भुत बारात पदमपुर रोड स्थित कल्याण भूमि भूतनाथ मंदिर से रवाना होकर उद्धम सिंह चौक, राधेश्याम कोठी रोड, एच ब्लॉक संतोषी माता मंदिर, मटका चौक, बीरबल चौक, लक्कड़ मंडी, डालमिया भवन, गांधी चौक, अंबेडकर चौक, रवींद्र पथ रोड व भगत सिंह चौक होते हुए शाम को शिव लंगर समिति मंदिर पहुंचेगी।


जनमार्ग पढ़ें
ताजा खबरें
ज्यादा खबरें


# 'ई-फाइलिंग इनकम टैक्स रिटर्न' पर राष्ट्रीय संगोष्ठी व कार्यशाला

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** श्री गुरु नानक खालसा पी.जी. कॉलेज, श्रीगंगानगर के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा ÷ई-फाइलिंग इनकम टैक्स रिटर्न÷ विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी व कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें पंजाब, हरियाणा और अन्य राज्यों के विभिन्न कॉलेजों से 100 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। संगोष्ठी का शुभारंभ संस्था के सचिव स अवतार सिंह व कॉलेज के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. सुखविंदर सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ।कॉलेज के सचिव सरदार अवतार सिंह ने छात्रों को कर जागरूकता बढ़ाने और कर संबंधी नियमों की जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।मुख्य वक्ता एवं फेलो चार्टर्ड अकाउंटेंट श्री हिमांशु ढींगरा ने ई-फाइलिंग प्रक्रिया, कर नियोजन, कर बचत, रिटर्न दाखिल करने के नियम और कानूनी जटिलताओं को विस्तार से समझाया। उन्होंने कर स्लैब, टैक्स डिडक्शन, विभिन्न कर श्रेणियों और हालिया कर सुधारों पर भी चर्चा की। संगोष्ठी के दौरान छात्रों ने ई-फाइलिंग की प्रक्रिया, कर छूट, अंतिम तिथियां और विभिन्न श्रेणियों में कर लाभ से संबंधित अनेक प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने विस्तार पूर्वक समाधान किया।कार्यक्रम में बी.एस.जी. कॉलेज



ऑफ आई.टी. के महकदीप सोनी एवं उनकी टीम ने भी अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज कराई, जिससे यह आयोजन और अधिक सार्थक बन सका। कार्यक्रम की सफलता में प्रमुख प्रायोजकों का भी विशेष योगदान रहा, जिनमें बी.एस.जी. कॉलेज ऑफ आई.टी. ,चॉइस ड्ढ नर्चरिंग फाइनेंशियल एक्सीलेंस, एमएल कैंपस, प्रमुख रूप से शामिल रहे।कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुखविंदर सिंह ने संगोष्ठी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कर संबंधी ज्ञान आज के युवाओं के लिए अत्यंत आवश्यक है, जिससे वे भविष्य में एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपनी भूमिका निभा सकें। उन्होंने छात्रों को वित्तीय साक्षरता और कर प्रणाली की बारीकियों को समझने के लिए ऐसे आयोजनों में सक्रिय भाग लेने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में छात्रों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए प्रमाण पत्र वितरित किए गए और मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को सम्मान प्रतीक भेंट कर सम्मानित किया गया। संगोष्ठी को सफल बनाने में संयोजक नैना डोडा, जसमीत कौर, सिमरन चावला और राय साहब की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का समापन समन्वयक उपप्राचार्य डा अनुप्रिया जैन के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और आयोजन समिति के सदस्यों को उनके सहयोग और योगदान के लिए आभार प्रकट किया। यह संगोष्ठी छात्रों के लिए कराधान और ई-फाइलिंग की व्यापक जानकारी का एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुई, जिससे उन्हें वित्तीय साक्षरता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

# भाजपा एससी मोर्चा ने खुशी जताई

## पार्टी कार्यकर्ताओं को एक सूत्र में बांधने तथा आमजन को भाजपा से जोड़ने की कार्यशैली की सराहना की





जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** भाजपा एससी मोर्चा, श्रीगंगानगर ने राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ के पुनः निर्विरोध भाजपा प्रदेशाध्यक्ष चुने जाने पर खुशी का इजहार किया है। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला मंत्री पवन बागड़ी ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के गत सफल कार्यकाल की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत हुआ है तथा आमजन का पार्टी से जुड़ाव बढ़ा है। अपनी ऊर्जावान व संगठन के प्रति समर्पित कार्यशैली की बदौलत कार्यकर्ताओं को एकसूत्र में बांधने तथा आमजन को पार्टी से जोडने के कारण आज पूरे राजस्थान में भाजपा का जनाधार बढ़ा है तथा पार्टी और अधिक मजबूत हुई है। जिला मंत्री पवन बागड़ी ने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के कार्यकाल में केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के सक्रियतापूर्वक प्रचार-प्रसार से अंतिम छोर तक बैठा व्यक्ति भी लाभान्वित हुआ है तथा यह सिलसिला आगे भी निरन्तर जारी रहेगा। श्री बागड़ी ने कहा कि मदन राठौड़ के पुनः निर्विरोध प्रदेशाध्यक्ष चुने जाने से पार्टी कार्यकर्ताओं में नये जोश व उत्साह का संचार हुआ है।

# वरिष्ठ नागरिक संघ ने प्रयागराज में महाकुम्भ की व्यवस्थाओं को सराहा



## अपने सुखद अनुभव पूर्व पीएमओ डॉ. ओपी गोयल सहित वरिष्ठ नागरिकों से किए सांझा

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** वरिष्ठ नागरिक संघ, 6 बत्ती चौक, श्रीगंगानगर अध्यक्ष सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्रबन्धक राजस्थान राज्य भण्डार व्यवस्था निगम देवीराम ज्याणी ने प्रयागराज में महाकुम्भ स्नान की यात्रा से लौटकर अपने सुखद अनुभव पूर्व पीएमओ डॉ. ओपी गोयल सहित वरिष्ठ नागरिकों से सांझा करते हुए व्यवस्थाओं की सराहना की है। देवीराम ज्याणी ने महाकुम्भ की व्यवस्थाओं को लेकर आमजन में फैली भ्रांतियों का निराकरण करते हुए कहा कि सरकार द्वारा वर्तमान में रेलगाडि?ों के संचालन के साथ-साथ तीर्थयात्रियों के ठहरने व स्नान करने की व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित किया गया है, जिससे तीर्थयात्रियों को काफी सुविधा मिल रही है। सरकार द्वारा प्रयागराज जंक्शन स्टेशन व उसके आसपास के 10-12 किलोमीटर क्षेत्र में आरपीएसएफ के जवानों व अधिकारियों द्वारा यात्रियों को गाड़ियों से लाने-ले जाने तथा उनकी मेडिकल सम्बन्धी सभी सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जा रहा है तथा महाकुम्भ में सभी अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा पूरी मुस्तैदी से अपनी सेवाएं दी जा रही हैं, जिससे तीर्थयात्रियों अच्छी यादें संजोकर वापिस अपने घरों को लौट रहे हैं। उन्होंने महाकुम्भ स्नान का पुण्य प्राप्त करने के लिए प्रयागराज जाने के इच्छुक तीर्थयात्रियों से कहा कि महाकुम्भ स्नान से निसंदेह सभी को सुखद अनुभूति होगी। देवीराम ज्याणी के साथ महाकुम्भ स्नान के लिए श्रीगंगानगर से ओमप्रकाश बेरड़, गोपीकृष्ण ओझा आदि तीर्थयात्री गए थे।




# नेत्र जांच शिविर में सौ लोग लाभान्वित

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** मानवता की भलाई के उद्देश्य से पंजाब के श्री मुक्तसर साहिब में सोनी सेवा आश्रम के संचालक व समाजसेवी गुरप्रीत सिंह सोनी (रूपाणा वाले) की ओर से रविवार को श्रीगंगानगर के ग्रामीण इलाकों में आंखों के रोग से पीड़ति लोगों की सुविधा के लिए सूरतगढ़ रोड स्थित गांव मांझूवास व गांव नरसिंहपुरा के महात्मा गांधी मिडल स्कूल में स्थानीय श्री जगदम्बा अंध विद्यालय द्वारा संचालित नेत्र चिकित्सालय की टीम के सहयोग से ग्रामीण इलाके के लोगों के लिए आंखों की जांच हेतु निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया, जिसमें नेत्र रोग से पीड़ति करीब सौ लोगों की आंखों की निःशुल्क जांच की गई। गौरतलब है कि गुरप्रीत सोनी द्वारा पिछले करीब 14 सालों से मुक्तसर तथा श्रीगंगानगर में पिछले चार साल से राजकीय व निजी अस्पतालों में भर्ती मरीजों व उनके परिजनों के लिए निःशुल्क लंगर पहुंचाने की सेवा की जा रही है। शिविर के दौरान दोनों गांवों के सरपंच राकेश गोरा व हंसराज सहित संस्था प्रधान अमरिंदर सिंह शिल्पी, जनरल सचिव डॉ. संजीव कुमार चुघ, कोषाध्यक्ष कमल नारंग (पूर्व पार्षद), प्रैस सचिव परविन्दर सिंह व सलाहकार ओम सुखीजा का विशेष योगदान रहा।शिविर में गौ रक्षा दल के वालंटियर अपनी सेवाएं दीं। गुरप्रीत सोनी ने बताया कि शिविर में जांच करवाने वाले मरीजों को संस्था द्वारा निःशुल्क दवाई उपलब्ध करवाई गई।

# हिमालय परिवार ने पाक अधिकृत कश्मीर को मुक्त करवाने की मांग की




**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्र हित सर्वोपरि की भावना से सामाजिक क्षेत्रों में कार्य कर रही संस्था हिमालय परिवार, श्रीगंगानगर ने शनिवार को प्रदेशाध्यक्ष शिव स्वामी के नेतृत्व में अति. जिला कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति को स्मरण-पत्र भेजकर पाक अधिकृत कश्मीर को मुक्त करवाने की मांग की है। सक्रिय सदस्य सन्तोष गुप्ता ने कहा कि पाकिस्तान ने अपने निर्माण के साथ ही धोखे से भारतीय कश्मीर के एक बड़े भू-भाग लगभग 78 हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल पर कब्जा कर लिया था। इससे भारत का पश्चिमी देशों को जाने का सड? मार्ग अवरूद्ध हो गया था। अब यह क्षेत्र पीओके के नाम से जाना जाता है। आज से 31 वर्ष पूर्व 22 फरवरी, 1994 को भारतीय संसद राज्यसभा व लोकसभा ने एकमत से यह प्रस्ताव पारित कर संकल्प लिया था कि पाकिस्तान द्वारा किए गए इस नाजायज कब्जे को छुड़वा कर पीओके को पुनः भारत में सम्मिलित किया जाएगा। लेकिन अत्यंत खेदजनक बात है कि सरकारें आती-जाती रहीं, परन्तु अभी तक प्रभावी कार्यवाही के अभाव में यह भूमि वापिस प्राप्त नहीं की जा सकी है। पाकिस्तान द्वारा कब्जाया यह क्षेत्र आज भारत के खिलाफ आतंकवाद, घुसपैठ व नशीले पदार्थों की तस्करी का अड्डा बना हुआ है। इन परिस्थितियों के मद्देनजर हिमालय परिवार ने संकल्प स्मरण दिवस पर भारत सरकार से पुरजोर मांग की है कि 22 फरवरी, 1994 को संसद के दोनों सदनों में सर्वसम्मति से पारित संकल्प के सम्बन्ध में ठोस कार्यवाही कर पीओके को पाकिस्तान के कब्जे से मुक्त करवाया जाए, ताकि जनभावनाओं का सम्मान हो और राष्ट्रीय अस्मिता की रक्षा हो सके। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष शिव स्वामी, प्रेम छापोला, श्रवण पारीक, संतोष गुप्ता, श्रवण कुमार चावला, अशोक किंगर, पृथ्वीराज चाचाण, एडवोकेट विनोद स्वामी, मनीराम स्वामी, प्रहलाद सोनी, अरविंद जाटव, इंदुभूषण चावला, पुरुषोत्तम शर्मा, मनीराम सेतिया, पृथ्वीराज मेहरड़ा सहित सहित हिमालय परिवार पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

# नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर से 122 जने लाभान्वित

## 33 नेत्र रोगी नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** भारत विकास परिषद, प्रताप शाखा, श्रीगंगानगर द्वारा मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु द्वितीय निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन इन्द्रा चौक स्थित महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम राजकीय विद्यालय में किया गया। शिविर प्रभारी सुभाष धींगड़ा व ताराचंद खत्री ने बताया कि नेत्र जांच शिविर में जगदम्बा धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय के अनुभवी डॉक्टरों की टीम द्वारा 122 महिलाओं-पुरुषों की आँखों की निःशुल्क जांच की गई तथा 33 नेत्र रोगी निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किए गए, जिनका जगदम्बा धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय में डॉक्टरों द्वारा निःशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाएगा। इस मौके पर दवाइयां एवं जरूरतमंद मरीजों को नजर के चश्मे भी निशुल्क प्रदान किए गए। सफल आयोजन एवं सहयोग के लिए महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय के प्रिंसिपल तरुण गुप्ता तथा जगदंबा धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय की डॉ. हर्षित कटारिया को परिषद पदाधिकारियों द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष चंद्रेश जैन, शिवशंकर मित्तल, विश्वबंधु गुप्ता, शिविर प्रभारी सुभाष धींगड़ा व ताराचंद खत्री, सुशील बांठिया, वीरेन्द्र अरोड़ा, इन्द्र गोयल, संजीव सिंगला सहित भारत विकास परिषद, प्रताप शाखा, श्रीगंगानगर पदाधिकारी, सदस्य एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

# कांग्रेस ने पर्ची सरकार का किया कड़ा विरोध, सीएम का पुतला फूंका

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस द्वारा आज जिला कलेक्ट्रेट पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का पुतला जलाकर विधानसभा में राज्य मंत्री अविनाश गहलोत द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी पर की गई असंसदीय टिप्पणी के विरुद्ध गहरा आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस जनों ने प्रदेश की पर्ची सरकार का जमकर और कड़ा विरोध किया।जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में इकट्ठा हुए कांग्रेसजन पैदल मार्च करते और विरोध जताते हुए जिला कलेक्ट्रेट पर पहुंचे। जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन के दौरान संबोधित करते जिलाध्यक्ष अंकुर मगलानी ने कहा कि यह कोई पहला अवसर नहीं है जब भाजपा ने देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर देने वाली पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बारे में कोई अशोभनीय टिप्पणी नहीं की हो। इससे पहले भी भाजपा के कई नेता बार-बार अमर्यादित टिप्पणियां करते रहे हैं। ऐसे भाजपा नेताओं के खिलाफ उनके शीर्ष नेतृत्व द्वारा कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की जाती। इससे स्पष्ट हो जाता है कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का ऐसी टिप्पणियां करने वालों को समर्थन प्राप्त है।उन्होंने कहा कि ऐसी टिप्पणियों को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने मांग की कि अविनाश गहलोत को राज्य मंत्री परिषद से निष्कासित किया जाए। कल शुक्रवार को विधानसभा में राज्यमंत्री अविनाश गहलोत की टिप्पणी का विरोध करने पर विधानसभा अध्यक्ष ने विपक्ष के नेता टीकाराम जूली और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा कांग्रेस 6 विधायकों को निलंबित करना भी राज्य सरकार की मनमर्जी तथा हठधर्मिता का



परिचायक है। उन्होंने विधायकों का निलंबन तुरंत प्रभाव से रद्द करने की मांग की। उन्होंने कहा कि विधानसभा में कांग्रेस की आवाज को इस तरह से दबाया नहीं जा सकता। इसका सड़क से लेकर विधानसभा तक हर तरह से विरोध किया जाएगा।प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का पुतला जलाया गया। प्रदर्शन में पूर्व विधायक राजेंद्र भादू और श्रीमती सोना देवी बावरी,संगठन महामंत्री श्यामलाल शेखावटी, जिला उपाध्यक्ष भीमराव डाबी, जिला महासचिव सुरेंद्र पारीक, पूर्व पार्षद कमल बिश्नोई, पूर्व परिषद नमिता सेठी, पंचायत समिति रायसिंहनगर की उप प्रधान एवं कांग्रेस की जिला सचिव संतोष बिश्नोई, महासचिव इंजीनियर लालचंद नायक, कांग्रेस ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय समन्वयक राजेंद्र सोनी, ब्लॉक अध्यक्ष धर्मपाल झोरड एवं श्याम पुन्यानी, कश्मीरीलाल इंदौरा, राजकुमार महेंद्रा पूर्व पार्षद पंकज बंगाली,

जिला परिषद डायरेक्टर एवं कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुखप्रीतसिंह, पार्षद श्रीमती राजविंदर, कोषाध्यक्ष नरेश सेतिया, रवि चुघ, अनुसूचित जाति विभाग के जिलाध्यक्ष राजेश नागर,पूर्व सचिव सुखराम जोइया, जिला परिषद डायरेक्टर दूलाराम इंदलिया,हरीश अरोड़ा काकू,प्रेमचंद भाटिया,हरीश जसूजा,मुकेश मिड्ढा, मृदुल कामरा,शैंकी जसूजा,भूपेंद्र मिड्ढा,पूर्व महामंत्री मनोज भिड़ासरा, अर्जुन राजपाल,वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुरारीलाल सोनी, जिला सचिव संजय शर्मा, अमित छाबडा, नीरज ठकराल, डॉ बलदेव बवेजा,मानकचंद शर्मा राकेश शर्मा पदमपुर, राजीव गांधी पंचायती राज प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष गौरव शर्मा, भारत शर्मा, ओमप्रकाश सनेजा, तेजपाल नायक, इंटक अध्यक्ष हरनेकसिंह चंदी,गोपाल सिंह टक्कर,धर्मपाल श्योराण,कृष्णा स्याग पूर्व पार्षद, डॉ. रामकाश नायक, सुरेश खटक,सुनील कुमार, जगदीश, जितेंद्र सिंह, विक्रम स्वामी, विकास पहलवान सेवादल कांग्रेस के हुकमाराम सुथार आदि कांग्रेसजन शामिल हुए।

# प्रदेशाध्यक्ष पद पर मदन राठौड़ के निर्विरोध निर्वाचन पर खुशी मनाई

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष तथा राष्ट्रीय परिषद सदस्य निर्वाचन बैठक में मदन राठौड़ को निर्विरोध भाजपा प्रदेशाध्यक्ष घोषित करने से कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई। दूसरी बार राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ के प्रदेशाध्यक्ष बनने पर अरोड़वंश सेवा ट्रस्ट (रजि.) के प्रधान सेवादार व भाजपा मन की बात जिला सह संयोजक एडवोकेट तरुण अरोड़ा तथा राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा के उपाध्यक्ष शोपत सिंह (राजगुरु) ने प्रदेश कार्यालय में उनसे मुलाकात की तथा निर्विरोध निर्वाचन पर बधाई दी।



एडवोकेट तरुण अरोड़ा ने कहा कि जयपुर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में संगठन पर्व-2024 के तहत केंद्रीय पर्यवेक्षक एवं गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी तथा प्रदेश संगठन चुनाव अधिकारी नारायण लाल पंचारिया की गरिमामयी उपस्थिति में प्रदेशाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय परिषद सदस्यों का निर्वाचन हुआ। इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया, उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी, उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, अशोक परनामी, कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत सहित मंत्री, विधायक तथा भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। एडवोकेट तरुण अरोड़ा ने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के दूसरे कार्यकाल में पार्टी का जनाधार तीव्र गति से बढ़ेगा तथा संगठन और अधिक मजबूत होगा। उनके लगातार दूसरी बार प्रदेशाध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं में भारी जोश व उत्साह है।

श्रीगंगानगर, मंगलवार, 25 फरवरी 2025

जनमार्ग

# युवक सहित दो जने हैरोइन और नाजायज हथियारों सहित गिरफ्तार

जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर।** हिंदुमलकोट थाना क्षेत्र के एक युवक सहित दो जने पंजाब के फाजिल्का जिले में भारी मात्रा में अवैध हैरोइन और नाजायज हथियारों सहित पकड़े गए हैं। फाजिल्का पुलिस के अनुसार हिंदूमलकोट थाना क्षेत्र के गांव कोठा पक्की निवासी हरने सिंह पुत्र महेंद्रसिंह तथा फाजिल्का जिले के गांव बामणीवाला के हरप्रीतसिंह पुत्र महेंद्रसिंह को कल रविवार को मोटरसाइकिल पर जाते हुए काबू किया गया। इनके कब्जे से 522 ग्राम हैरोइन एक नाजायज पिस्तौल, तीन कारतूस और तीन मोबाइल फोन बरामद हुए हैं।जिस मोटरसाइकिल पर यह तस्कर जा रहे थे उसे भी जब्त कर लिया गया है। यह युवक थाना वैरका क्षेत्र में मौजूद्दीन से तोतियांवाली को जाने वाली रोड पर पुलिस द्वारा लगाई जा रही गश्त के दौरान शक के आधार पर पकड़े गए। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से लाखों रुपए



मूल्य की 522 ग्राम अवैध हैरोइन के साथ है पिस्टल और कारतूस भी बरामद हुए। उनके खिलाफ वैरका थाने में एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों ने आशंका व्यक्त की है कि इन युवकों के कब्जे से बरामद हुई हैरोइन अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पार के तस्करों द्वारा भारतीय क्षेत्र में पहुंचाई गई है। दोनों युवकों से कड़ी पूछताछ कर उनके बड़े तस्करों से संपर्कों का भी पता लगाने के प्रयास किया जा रहे हैं।

## बाइक की टक्कर लगने से घायल व्यक्ति की मौत

**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** हनुमानगढ़ जिले के पल्लू थाना क्षेत्र में 10 दिन पहले मोटरसाइकिल की टक्कर लगने से घायल हुए एक व्यक्ति की इलाज के दौरान अस्पताल में मृत्यु हो गई।पुलिस ने बताया कि विगत 14 फरवरी को प्रतापसिंह और उसका भतीजा मदनसिंह (पुत्र बाबूसिंह) निवासी सादोलाई थाना छतरगढ़ जिला बीकानेर पल्लू बस अड्डा के समीप रोड किनारे पैदल पैदल जा रहे थे।

# बीसीए आई बोर्ड विद्यार्थियों ने मनाया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

जनमार्ग न्यूज।



**श्रीगंगानगर।** बिहाणी चिल्ड्रंस एकेडमी के अंतरराष्ट्रीय बोर्ड (आईबी बोर्ड) के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया। प्राचार्या श्रीमती नलिनी धींगडा ने बताया कि इसी लक्ष्य को परिलक्षित करते हुए आईबी बोर्ड की कक्षा 6 से 10 के विद्यार्थियों ने विभिन्न वैज्ञानिकों का प्रतीकात्मक रोल प्ले करके विद्यार्थियों को विश्व की महत्वपूर्ण वैज्ञानिक खोजों से रूबरू करवाया। विद्यार्थियों ने विख्यात वैज्ञानिकों रॉबर्ट कुक, सर इसाक न्यूटन, मैडम क्यूरी, अल्बर्ट आइंस्टाइन कल्पना चावला आदि वैज्ञानिकों का अभिनय करते हुए उनके द्वारा की गई खोज और इससे हुए वैज्ञानिक लाभ के बारे में विद्यार्थियों को अवगत करवाया। कार्यक्रम की संयोजिका श्रीमती प्रियंका बंसल थी। इस अवसर पर शैक्षिक उपनिदेशक कमलजीत सिंह सूदन, प्रधानाध्यापिका श्रीमती आकांक्षा खुल्लर एवं बड़ी संख्या में अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। अंत में आईबी कॉर्डिनेटर श्रीमती मीनाक्षी जेटली ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मृत्यु

जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर।** जिले के पदमपुर थाना क्षेत्र में एक अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल पर सवार एक युवक की मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान चक 49-आरबी निवासी हरजिंदरसिंह (45) के रूप में हुई है। हरजिंदरसिंह परसों शनिवार शाम को पदमपुर- जैतसर मार्ग पर मोटरसाइकिल से जा रहा था।कोई अज्ञात वाहन उसके टक्कर मारकर भाग गया। टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल हुए हरजिंदरसिंह को लोग पदमपुर के सरकारी अस्पताल में लेकर आए,जिसकी कुछ ही देर बाद मृत्यु हो गई।पुलिस ने बताया कि मृतक के भाई गुरविंदरसिंह द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ लापरवाही के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम होने के बाद लाश परिवार वालों के सुपुर्द कर दी गई।

## औडकी गांव में युवक की हत्या का प्रयास, गंभीर घायल

जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर।** सीमावर्ती हिंदूमलकोट थाना क्षेत्र के गांव औडकी में एक युवक की हत्या का प्रयास किए जाने की घटना सामने आई है। पुलिस के मुताबिक सिर में कुल्हाड़ी के वार लगने से गंभीर घायल अवस्था में श्रीगंगानगर के एक अस्पताल में इलाज करवा रहे सुभाष बावरी द्वारा दिए गए बयान के आधार पर संजय पुत्र सोहनलाल तथा रोशन पुत्र बृजलाल आदि के खिलाफ हत्या का प्रयास करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। दूसरी तरफ रोशनलाल ने भी सुभाष, विजय, रामस्वरूप आदि पर मारपीट करने के आरोप में परस्पर मुकदमा दर्ज करवाया है। घटना की जांच कर रहे एएसआई सत्यप्रकाश जांगिड़ ने बताया कि गंभीर घायल हुआ सुभाष बावरी कल रविवार सुबह गांव के शिव मंदिर से अपने घर आ रहा था। गांव की एक गली में रोककर संजय तथा रोशनलाल आदि ने उसे पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। उसके सिर में गहरी चोट लगी। दूसरी तरफ रोशन लाल द्वारा दर्ज करवाए गए मुकदमे में भी एक-दो जनों के घायल हो जाने के बारे में बताया गया है। जांच अधिकारी के अनुसार सुभाष बावरी के घर वाली गली में पंचायत द्वारा नाली का निर्माण करवाया जा रहा है। सुभाष का आरोप है कि उक्त आरोपी बार-बार निर्माणाधीन नाली के ऊपर से आ जा रहे थे। उसने मना किया तो गाली गलौज करने लगे। उसे समय लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कर दिया।अगले दिन रविवार सुबह वह शिव मंदिर में आगामी महाशिवरात्रि पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम के लिए चंदा इकट्ठा करने के बारे में लोगों से बातचीत कर घर वापस आ रहा था।तब रास्ते में उक्त लोगों ने उसकी हत्या का प्रयास किया।

## पूर्व सैनिक समस्या समाधान शिविर आज

जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर।** भूतपूर्व सैनिक व वीरांगनाओं हेतु पूर्व सैनिक समस्या समाधान शिविर 25 फरवरी 2025 को प्रातः 9.30 से 11.00 बजे तक गुरू रविदास धर्मशाला नजदीक बस स्टेण्ड रायिसिंहनगर तथा दोपहर 11.30 से 12.30 बजे नगरपालिका पदमपुर में आयोजित किया जायेगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी आत्मेश बेनीवाल ने बताया कि सभी भूतपूर्व सैनिक एवं वीरांगनाएं अपने समस्त दस्तावेज (पीपीओ, डिस्चार्ज बुक, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, पेन कार्ड, मोबाइल जो स्पर्श व बैंक खाते में जुड़ा हुआ है) साथ में लेकर शिविर में भाग लेकर शिविर का लाभ उठाएं।

## फार्मर रजिस्ट्री शिविरों में पंजीकरण करवाकर लाभ उठाए किसान

- गिरदावरी एप के माध्यम से किसान करें अपनी फसलों की गिरदावरी

जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर।** राज्य सरकार द्वारा संचालित एग्री स्टेक योजनातर्गत फार्मर रजिस्ट्री अभियान 5 फरवरी से 30 मार्च 2025 तक प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर शिविरों के माध्यम से आयोजन किया जा रहा है। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. सतीश शर्मा ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री शिविर प्रत्येक ग्राम पंचायत पर तीन दिवस के लिए आयोजित करने के दिशा-निर्देश उपखंड स्तर से जारी किए गए हैं। इस योजना के तहत आयोजित शिविरों में ग्राम स्तर के कृषि पर्यवेक्षक, पटवारी तथा ग्राम विकास अधिकारी को कैंपों में भाग लेने के लिए निर्देशित किया गया है। उपखंड स्तर पर शिविरों के मॉनिटरिंग का उत्तरदायित्व सहायक निदेशक कृषि, विकास अधिकारी एवं तहसीलदार को दिया गया है। उन्होंने बताया कि किसान इन शिविरों में अपनी फसलों का गिरदावरी एप के माध्यम से अधिक से अधिक गिरदावरी करवाना सुनिश्चित करें। चकबंदी वाले जिलों में लोकेशन डिसेबल्ड किए जाने के कारण डिजिटल क्रॉप सर्वे की गिरदावरी संबंधित पटवारी द्वारा की जावेगी। जबकि खसरा वाले बगैर चकबंदी वाले गांवों में जिनमें खसरा है, किसान भाई स्वयं कृषि पर्यवेक्षक की मदद से अपनी फसल की गिरदावरी राज किसान गिरदावरी एप के माध्यम से करेंगे।

## अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का राष्ट्रीय अधिवेशन 8 और 9 अप्रैल को अहमदाबाद में

जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन 8 ओर 9 अप्रैल को अहमदाबाद में आयोजित होगा।कांग्रेस के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री केसी वेणुगोपाल के अनुसार एआईसीसी अधिवेशन के पहले दिन 8 अप्रैल को कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) की विस्तारित मीटिंग तथा अगलेदिन 9 अप्रैल को एआईसीसी प्रतिनिधियों की अहम बैठक होगी। पिछले वर्ष नवंबर में बैलगावी में आयोजित सीडब्ल्यूसी बैठक में किये फैसलों की क्रियान्विति एवं कांग्रेस के आगामी कार्यक्रम पर 8 अप्रैल सीडब्ल्यूसी बैठक और 9 अप्रैल अखिल भारतीय कांग्रेस प्रतिनिधियों की बैठक में कांग्रेस के संविधान बचाओ राष्ट्रीय पदयात्रा कार्यक्रम एवं राष्ट्रव्यापी जनसंपर्क अभियान को लेकर विस्तार से विचार विमर्श होंगे। कांग्रेस में मौजूदा समय संगठन को ऊपर से नीचे स्तर तक मजबूत करने एवं बदलाव करने हेतु कांग्रेस राष्ट्रीय संगठन नेतृत्व द्वारा कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव, प्रदेश प्रभारी, वरिष्ठ नेताओ, मीडिया कर्मियों, रिटायर सरकारी कर्मचारियों से जिला लेवल पर फीडबैक जुटाने की कवायद करने के संकेत हैं। उसमें प्रदेश,जिले से ब्लॉक तक अभी कांग्रेस संगठन की गतिविधियों, सक्रिय, निष्क्रिय नेताओं, पदाधिकारियों के संबंध में फीडबैक जानकारी लेने की कवायद होने के भी पुख्ता संकेत मिले हैं। जिससे निष्क्रिय , एवं आला नेताओं की सिफारिश से संगठन पद प्राप्त कर, कांग्रेस कार्यक्रमो से अन्य लोगों को नहीं जोड़ सकने वाले प्रभावहीन पदाधिकारियों द्वारा कांग्रेस आलाकमान को सच्चाई का दीदार करने वाले व्यक्तियों को आरएसएस या भाजपा समर्थक बता कर अपना हित साधने वाले लम्बे समय से कांग्रेस संगठन पदों पर बैठे नेताओं की पोल खुल की सुगबुगाहट हैं। राजस्थान विधानसभा सदन में सत्तारूढ़ दल के एक मंत्री द्वारा दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को दादी तथा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष, उपनेता सहित आधा दर्जन कांग्रेस विधायको कों विधानसभा सदन के बजट सत्र तक निलंबित की कार्रवाई पर प्रदेश से जिला लेवल पर कांग्रेस संगठन की विरोध भूमिका नहीं निभाने को एआईसीसी नेतृत्व ने नाराज़गी ज़ाहिर की।

## पार्षद पर हमला करने के तीन आरोपी गिरफ्तार

जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर।** सूरतगढ़ में पार्षद से मारपीट करने उसके घर पर पथराव करने और उसकी मोटरसाइकिल को जला देने की घटना में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी हवलदार महावीरसिंह ने बताया कि वार्ड नंबर 8 निवासी सुरेश बिश्नोई के साथ विगत शुक्रवार की रात को हुई उक्त घटना के संबंध में तीन आरोपियों बबलू भादू, सलीम और अजय को गिरफ्तार कर लिया गया है। बाकी आरोपियों की तलाश चल रही है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों को आज अदालत में पेश किया गया। उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर 8 में सरकारी भूमि पर कब्जा किए जाने के विवाद तथा इसकी रंजिश में पार्षद के साथ शुक्रवार की रात को मारपीट की गई। उसके घर पर पथराव किया गया और उसकी मोटरसाइकिल को जला दिया गया। आरोप है कि सलीम और उसके साथी शुक्रवार रात लगभग 9 बजे एक राय होकर पार्षद सुरेश बिश्नोई के घर पर पहुंचे।सुरेश बिश्नोई उस समय किसी काम से बाजार गए हुए थे।उक्त आरोपियों ने उसके घर पर पथराव किया और उसके घर में प्रवेश कर परिवार जनों से मारपीट भी की।

# गजसिंहपुर नगरपालिका में अधिकारी के खिलाफ आंदोलन, हटाने की मांग

- अभद्र व्यवहार की शिकायत पर जय भीम आर्मी का धरना

जनमार्ग न्यूज।



**श्रीगंगानगर।** जिले के गजसिंहपुर कस्बे में स्थानीय जय भीम आर्मी द्वारा सोमवार को नगरपालिका समक्ष धरना दिया गया है। जय भीम आर्मी की मांग है कि नगरपालिका के सहायक प्रशासनिक अधिकारी गोपाल कृष्ण को यहां से हटाया जाये। जय भीम आर्मी ने आरोप लगाया कि गोपाल कृष्ण द्वारा कस्बेवासियों के नगरपालिका आने पर कोई पूछताछ या शिकायत जानकारी मांगने पर अभद्र व्यवहार किया जाता है। उन्होंने बताया कि शंकर पुत्र प्रदीप धानक नगरपालिका में स्ट्रीट लाइट खराब होने व विद्युत पोल पर ट्यूब लाइट लगवाने के लिए नगरपालिका गया तो नगरपालिका में सहायक प्रशासनिक अधिकारी गोपाल शर्मा ने संतोषजनक जवाब नहीं देकर अभद्र व्यवहार किया, जिससे शिकायतकर्ता के मन को ठेस पहुंची। उसके द्वारा जय भीम आर्मी के सदस्यों को साथ लेकर तहसीलदार सपना सोनी को गोपाल कृष्ण की शिकायत की और ज्ञापन देते हुए इसे हटाने की मांग की गई थी। तहसीलदार सपना सोनी ने नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी लाजपत विश्नोई को इसकी जांच के आदेश दिये थे। जय भीम आर्मी ने सोमवार से गोपाल कृष्ण को हटाने की मांग को लेकर नगरपालिका समक्ष धरना-प्रदर्शन करने की भी घोषणा की थी। वहीं,जय भीम आर्मी ने आज नगरपालिका के समक्ष धरना शुरू कर दिया है और कहा की जब तक मांग नहीं मानी जायेगी वो खड़े नहीं होंगे।

## ई-मित्र संचालक ने की आत्महत्या

जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर।** जिले के श्री विजयनगर शहर में एक युवा ई-मित्र केंद्र के संचालक ने अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने बताया कि मृतक 22-23 वर्षीय महेश सुथार का परिवार मूल रूप से पंजाब का निवासी है, जो पिछले कुछ समय से श्रीविजयनगर के बसंत विहार कॉलोनी में रह रहा है।मृतक महेश ई- मित्र केंद्र चलाता था और साथ में एक फाइनेंस कंपनी के लिए लोन रिकवरी का काम भी करता था। उसके पिता विनोद द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर मर्ग दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार परिवार ने बताया है कि महेश ने एक फाइनेंस कंपनी से छोटा-मोटा लोन लिया था, जिसकी एक-दो किश्त ड्यू हो गई थीं। इस कारण वह कुछ दिनों से परेशान था। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाश परिवार वालों के सपोर्ट कर दी। मृतक अविवाहित था और पुलिस आत्महत्या के करण की जांच कर रही है।

# खाजूवाला में ग्राम पंचायत के मुद्दे पर आंदोलन

- राजस्व गांव में जोड़ने के लिए किसान हुए लामबंद

जनमार्ग न्यूज।



**बीकानेर।** खाजूवाला में 6 एमडब्लूएम (मुस्लिम जोहड़ी) राजस्व गांव को ग्राम पंचायत बनाने के लिए आंदोलन शुरू कर दिया है। ग्रामीण 6 एमडब्लूएम (मुस्लिम जोहड़ी) और इसके साथ जुड़े दो अन्य राजस्व गांवों 8 केएलडी और 39 केजेडी की कुल जनसंख्या दो हजार से अधिक है। इन तीनों गांवों में कुल 28 चक आते हैं, जो वर्तमान में ग्राम पंचायत आनंदगढ़ में आते हैं। ऐसे में नई ग्राम पंचायत बनाने की मांग की जा रही है। इस संबंध में सोमवार को एक ज्ञापन एसडीएम के नाम तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि तीनों राजस्व गांवों और उनके चकों की औसतन दूरी ग्राम पंचायत मुख्यालय आनंदगढ़ से लगभग 10-12 किलोमीटर है, जिससे ग्रामीणों को पंचायत मुख्यालय तक पहुंचने में काफी कठिनाई और आर्थिक नुकसान होता है। कई बार परिवहन की सुविधा न होने के कारण किसानों को अपनी ज़रूरत पूरी करने के लिए अतिरिक्त खर्च करना पड़ता है। बच्चों की शिक्षा, चिकित्सा और अन्य जरूरी सेवाओं में भी कमी आ रही है। ग्रामीणों ने प्रस्ताव दिया कि 6 एमडब्लूएम (मुस्लिम जोहड़ी) को ग्राम पंचायत बनाना आम जनता के लिए सुविधाजनक रहेगा। इस गांव के केंद्र में स्थित होने के कारण आसपास के चकों तक आने-जाने की औसत दूरी लगभग 3-4 किलोमीटर रह जाएगी, जो वर्तमान में 10-12 किलोमीटर से बहुत कम है। साथ ही 6 एमडब्लूएम तक पक्की सड़क और परिवहन की सुविधाएं भी उपलब्ध हैं, जो इसे ग्राम पंचायत का मुख्यालय बनाने के लिए उपयुक्त स्थान बनाती हैं। उनकी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए ग्रामीणों ने 6 एमडब्लूएम (मुस्लिम जोहड़ी) को ग्राम पंचायत बनाने की मांग की है। इस संदर्भ में सर्वेक्षण और स्थानीय लोगों की राय लेकर जल्द से जल्द इस प्रस्ताव पर विचार करने की अपील की गई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान ग्रामीणों में साहबराम गोदारा, सुल्तानाराम नोखवाल, संदीप सुथार, संजयपाल, विनोद कुमार, राजकुमार, इंद्रपाल, चैत सिंह, तुलछाराम, जगसीर सिंह, राजाराम, मेजर सिंह सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## नहर के पास जुआ खेलते छह लोग पकड़े

- 18 हजार रुपए जब्त, जीरो टोलरेंस अभियान का असर

जनमार्ग न्यूज।

**हनुमानगढ़।** हनुमानगढ़ में पुलिस अधीक्षक अरशद अली के निर्देश पर चलाए जा रहे जीरो टोलरेंस अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की गई है। पुलिस थाना भिरानी की टीम ने अमरसिंह नहर ब्रांच गांधी हैड के पास रोही चिड़िया गाधी से जुआ खेलते 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से 18 हजार 200 रुपए की जुआ राशि जब्त की है। मामले में मुकदमा नंबर 46/2025 धारा 13 आरपीजीओ एक्ट के तहत दर्ज किया गया है। अनुसंधान की जिम्मेदारी एएसआई प्रकाश चंद्र दहिया को सौंपी गई है। गिरफ्तार आरोपियों में रणसिंह (34), राजपाल (41), विजेंद्र (40), संदीप (34), पवन कुमार (26) और अमरसिंह (65) शामिल हैं। सभी आरोपी चिड़िया गांधी, पुलिस थाना भिरानी के निवासी हैं। यह कार्रवाई जिले में अवैध मादक पदार्थों, नशा तस्करी, अवैध हथियार, जुआ, सट्टा, क्रिकेट बुकी और चोरी जैसी आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान का हिस्सा है।

सुबह की शुरूआत प्रातःकालीन
जनमार्ग
के साथ
ताजा और ज्यादा खबरें

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी हरीसिंह मेहरा द्वारा राहुल ऑफसैट प्रिन्टर्स गुलजार भवन, 47 गणेश विहार द्वितीय, जस्सा सिंह मार्ग के पास श्रीगंगानगर 335001 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक : हरीसिंह मेहरा, 94140-87692, फैक्स : 0154-2970692